7 से 21 जून, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड



The pioneer and creator of TR

## the one & only

brand of original TR

D&J

Exclusive line of TR
to be unveiled at
Grand Goa Conference

Save the date : 26-30th June 23

RISHAB WORLD

RISHAB WORLD PVT LTD
Ratan Central, 9th Floor, Above D&J The Avenue Store,
Dr Ambedkar Road, Parel, Mumbai 400 012.
CRM No.: +91 93219 14004 | crm@rishabworld.com | www.donandjulio.com

DonandJulio   Don & Julio


CO
LAB
2.0
FESTIVE WINTER 2023-24
Thank you for unwavering support and appreciation for our first collaboration collection, COLAB.
We are back and eager to take the spotlight once again!
Stay tuned for the magnificent unveiling of COLAB 2.0
Save the date
26-30th June 23
Grand Goa Conference
D&J
X
NILESH MITESH
INDIA
RISHAB WORLD PVT LTD
Ratan Central, 9th Floor, Above D&J The Avenue Store,
Dr Ambedkar Road, Parel, Mumbai 400 012.
CRM No.: +91 93219 14004 | crm@rishabworld.com
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio





पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-06-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-25 अंक-24 भीलवाड़ा/ 07 जून, 2023 कुल पृष्ठ- 18 मूल्य : 25 रुपए 1


























## स्पोर्टेक में भारत उभरता हुआ खिलाड़ी: कपड़ा राज्य मंत्री

# खेलों से जुड़े कपड़ों और एसेसरीज की बड़ी संभावनाएं -कपड़ा सचिव

**नई दिल्ली / राजेश शर्मा**

विश्व बाजार में भारत स्पोर्टेक में एक उभरता हुआ खिलाड़ी है तथा इस उद्योग के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। ये विचार कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश ने विगत दिनों 'द फ्यूचर ऑफ स्पोर्ट टेक्सटाइल्स एंड एसेसरीज इंडस्ट्री इन इंडिया' के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए कहे। पिछले दिनों कपड़ा मंत्रालय ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन यानि एनटीटीएम के तहत नेशनल कॉनक्लेव आन स्पोर्टेक का आयोजन किया था। आने वाले वर्षों में विकास की जबरदस्त संभावनों के साथ भारत खेलों से सम्बंधित वस्त्रों में भारत एक उभरता हुआ खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी प्रमुख योजनओं जैसे खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, टारगेट ओलंपिक पोडियम आदि योजनाओं के माध्यम से भारत में खेल संस्कृति तैयार करने पर काफी


Since 1999 9004668794
KATARIA INSURANCE
SHOP . GODOWN . FACTORY


ध्यान दे रही है। इसके अतिरिक्त भारत में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती चेतना और बढ़ते खेल आयोजन जैसे कारकों के चलते भी खेल के सामानों और खेल वस्त्रों की मांग को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिधान और फुटवीयर साइजिंग की हाल की पहल खेल और फुटवियर उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उनके अनुसार नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत कपड़ा मंत्रालय संबंधित मंत्रालयों के साथ उनके संबंधित डोमेन के भीतर तकनीकी कपड़े से बने सामानों के उपयोग को बढ़ाने के लिए संबंध में लगातार चर्चा कर रहा है। पिछले दिनों कपड़ा मंत्रालय ने इस दिशा में महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त करने के लिए रेलवे सेक्टर में तकनीक वस्त्रों के उपयोग को बढ़ाने की संभावनाओं को पता लगाने के लिए बैठक भी बुलाई थी। श्रीमती जरदोश ने कहा कि वे इस विषय में अपनी महत्वपूर्ण जानकारी से सरकार को अवगत कराएं। इससे भारत में स्पोर्टेक उद्योग के भविष्य के लिए ठोस रोडमैप बनाने में सहायता मिलेगी।

**टेक्निकल टेक्सटाइल हब-** इस अवसर पर बोलते हुए कपड़ा सचिव श्रीमती रचना शाह ने कहा कि सरकार देश को टेक्निकल टेक्सटाइल का हब बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।


शेषांश पृष्ठ 8 पर...

































# बिजली सहूलियत अगले दो साल रहेगी

कोल्हापुर / राज्य शासन ने अगले पांच सालों के लिए नई वस्त्रोद्योग नीति जाहिर की है। उसके बारे में अध्यादेश जारी किया है। इसमें वस्त्रोद्योग के सभी घटकों के लिए अब चल रही बिजली सहूलियत अगले दो साल रहेगी, ऐसा स्पष्ट किया गया है। उसके आगे इन घटकों को सौर ऊर्जा प्रकल्प शुरू करना पड़ेगा। उसके लिए शासन की ओर से एक साल के लिए बिजली की रकम संबंधित घटकों को अनुदान के तौर पर दी जाएगी। जिससे अलगे समय में बिजली सहूलियत पर पाबंदी आएगी। वस्त्रोद्योग क्षेत्रों को अपारंपरिक ऊर्जा होने वाले सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करना होगा। इससे पहले के वस्त्रोद्योग नीति का समय 31 मार्च को खत्म हुआ, जिससे नई वस्त्रोद्योग नीति की ओर सभी का ध्यान लगा हुआ था। चार दिन हुए पहले मंत्रिमंडल की बैठक में नई वस्त्रोद्योग नीति जाहीर की गई, लेकिन उसके बारे में स्पष्टता नहीं होने के चलते संभ्रम की स्थिति थी। इसके बारे में अध्यादेश निकलने के बाद वस्त्रोद्योग के अलग अलग घटकों को कितना लाभ होगा, यह स्पष्ट हुआ। इसमें हरित ऊर्जा प्रकल्प पर ध्यान दिया गया है, जिससे सभी घटकों के लिए बिजली सहूलियत अगले दो साल रहेगी। उसके बाद सहूलियत बंद होगी, ऐसा अध्यादेश के अनुसार आगे आ रहा है। इसको पर्याय के तौर पर राज्य शासन ने सौर ऊर्जा प्रकल्प का पर्याय दिया है।

**बिजली सहूलियत के दर**- इसके पहली की नीति में पॉवरलूम, सहकारी सूत गिरणी, निजी सूत गिरणी, गारमेंट, प्रोसेस, सायजिंग इन उद्योगों को सहूलियत जाहिर की थी। यह सहूलियत नई नीति में वैसी ही रखी है। इसमें कुछ बदलाव नही किया है।

**चार जोन का निर्माण**- नए वस्त्रोद्योग नीती के अनुसार चार जोन किए गए हैं। इसमें जोन एक विदर्भ, जोन दो मराठवाड़ा, जोन तीन उत्तर महाराष्ट्र और जोन चार में पश्चिम महाराष्ट्र के साथ कोंकण को शामिल किया गया है। इसे जोन के अनुसार लाभ और सहूलियत में फर्क रखा गया है।




# बाजार में ग्राहकी जोरों पर

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में अभी ग्राहकी अच्छी चल रही है, विशेष तौर पर इन्द्रमोहन एण्ड कम्पनी की रिटेल में अच्छी ग्राहकी है, क्योंकि उत्तराखण्ड में सूट व साड़ियाँ ज्यादा बिक रही है। पेमेण्ट की आवक कमजोर बनी हुई है। रेडीमेड में भी ग्राहकी अच्छी चल रही है, कृष्णा क्लॉथ स्टोर की प्रीमियरा सुल्ज की बुकिंग यूपी-बिहार व उत्तराखण्ड में अच्छी हो रही है। साड़ियों की भी बिक्री ज्यादा है। इन दिनों रेडीमेड कपड़ा ज्यादा ही बिक रहा है। कुल मिलाकर बाजार में ग्राहकी अच्छी है।

# सीजन के बावजूद बाजार सूने

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

मई माह से ही वैवाहिक सीजन शुरू हो गया। मई और जून माह में विवाह के काफी मुहूर्त होने से मई के शुरुआती दिनों में सीजन की ग्राहकी भी देखने को मिली, किन्तु महिना समाप्त होते-होते ग्राहकी में भी कमी होती गई। जून के महिने में बहुत शादियां हैं, फिर भी स्थानीय वस्त्र बाजार सूना दिखाई दे रहा है। ऐसा नहीं है कि लोग शादी की खरीददारी नहीं कर रहे, किन्तु बीते समय में शादियों के सीजन में वस्त्र बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं मिलती थी और दुकानों में इतने ग्राहक बैठे रहते थे कि आने वाले ग्राहकों को कुछ देर इन्तजार करना पड़ता था, मगर अब दुकानदार खाली बैठ कर ग्राहकों का इन्तजार करते दिखाई देते हैं।

फुरसत में बैठे एक वस्त्र विक्रेता ने बताया कि पहले प्रतिष्ठान कम थे और अब समय के साथ तेजी से नये-नये प्रतिष्ठान खुल गये। दूसरा अब माल में खरीदी और ऑनलाइन खरीदी का जमाना है, अतः बाजार में ग्राहक नजर नहीं आते। तीसरा शहर के पहले अधिकांश वस्त्र प्रतिष्ठान की शहर के अन्दरुनी क्षेत्रों में थे, जिससे प्रत्येक प्रकार के वस्त्रों हेतु ग्राहकों को उसी जगह आना पड़ता था, किन्तु अब बड़े बड़े प्रतिष्ठान शहर के बाहरी क्षेत्रों में खुलने से चार पहिया वाहनों की पहुंच आसान होने से कई ग्राहक बाहरी क्षेत्रों वाले प्रतिष्ठानों पर जाना अधिक पसन्द करने लगे, इसी कारण ग्राहकी के बावजूद बाजार सूने पड़े हैं।

# देश के गारमेण्ट उपभोक्ताओं को जल्द मिलने जा रहा है इंडिया साइज चार्ट

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेण्ट की खुदरा बिक्री में अवरोध है। बाजार में कामकाज अपेक्षित नहीं है, जबकि इस सीजन में बिक्री अच्छी होनी चाहिए थी। रिटेलरों के पास भरपूर स्टॉक है, इसलिए आगे आफ सीजन के दौरान सेल में आकर्षक ऑफर की संभावना अधिक है। गारमेण्ट हो रहे कामकाज से उम्मीद थी कि आगे सुधार हो सकता है, परंतु अब क्लस्टर गारमेण्ट इकाइयों में कामकाज घटा है। निर्यात ऑर्डर कम हो गया है। स्थानीय स्तर पर गारमेण्ट की मांग कमजोर पड़ी है। इस बीच ओटम एवं विंटर कलेक्शन तथा फेस्टिबल कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए फैब्रिक्स सप्लायर्स एसोसिएशन 31 वें टेक्सटेंड नामक कपड़ों का बीटूबी फेयर का आयोजन मुंबई में एक एवं दो अगस्त 2023 को करने जा रहा है।

अमेरिका एवं ब्रिटेन में मौजूद स्टैंडर्डाइज्ड साइज की तर्ज पर भारत में भी अगले तीन महिनों में तैयार कपड़ों के लिए एक साइज चार्ट आने की संभावना है। यह चार्ट देशी उपभोक्ताओं के शरीर के मुताबिक होगा। अधिकृत सूत्रों का कहना है कि इंडिया साइज प्रोजेक्ट का मकसद गारमेण्ट उत्पादकों को भारतीय उपभोक्ताओं की शरीर की बनावट के हिसाब से गारमेण्ट की साइज तैयार करने में मदद करना और इम्पोर्ट को घटाना है। इंडिया साइज प्रोजेक्ट पूरा होने के अंतिम चरण में है।

इसे दो से तीन महिने में लांच करने की योजना है। देश में अभी अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन के आकार के आधार पर गारमेण्ट बनाए जाते हैं। बेहतर फिटिंग साइज वाला गारमेण्ट तैयार करना इसका मकसद है। वित्त वर्ष 2023 में देश से तैयार परिधानों का निर्यात 16.1 अरब डालर रहा था, जो वार्षिक आधार पर 1.1 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023 में तैयार परिधान और कपड़ों का इम्पोर्ट 94.183 करोड़ डालर था, जो वार्षिक आधार पर 42 प्रतिशत ज्यादा है। उद्योग सूत्रों का कहना है कि घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरी करने वाली कंपनियां इन नई फिटिंग के आधार पर आसानी से कपड़ों को बना सकती है। एक बार इसे लागू कर दिए जाने पर कपडों के विवरण में इंडिया साइज का उल्लेख होगा, जबकि अभी अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन के आकार का उल्लेख किया जाता है। इससे आकार में एक समानता आएगी और उपभोक्ताओं को उनकी फिटिंग के अनुसार गारमेण्ट मिलेंगे। इंडिया साइज को कमर से लेकर पैरों के अनुपात जैसे मापदंडों के आधार पर भारतीय उपभोक्ताओं के शरीर के आकार के हिसाब से तैयार किया जाएगा। यह संभवतः यूके के आकार के करीब हो सकता है। जानकारों का कहना है कि इससे यूनिफॉर्म साइज और अच्छी फिटिंग मिलने से तैयार कपड़ों की बिक्री में सुधार होगा, इसके साथ ही आयात में कमी आएगी। इस इंडिया साइज प्रोजेक्ट पर बहुत दिनों से काम किया जा रहा था और इसे अंतिम रूप देने से पहले अन्य सभी पहलुओं पर गहन विचार किया गया है, ताकि किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहे। विश्वस्त रिपोर्ट यह है कि देश को आगामी दो से तीन महिनों में तैयार परिधानों के लिए अपना साइज चार्ट मिलने जा रहा है।

MAHENDRA JAIN
+91 94138 60897
+91 63785 41066
।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः।।
HARSH JAIN
+91 94611 32695
Deal with ease, deal with us
Bhairav Syntex
Textile Agent
Specialisation in UNIFORM & CORPORATES
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com

# बरसात ने बिगाड़ा खेल

**निजामाबाद/ जुगल किशोर झंवर**

इस वर्ष मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से लगन एवं गर्मियों की छुट्टी में ग्राहकी कमजोर दिखाई पड़ रही है। बाजार ट्रेण्ड के अनुसार रोटी, कपड़ा, मकान की मूलभूत आवश्यकता की परिभाषा समय के साथ बदलती जा रही है। सरकारी योजनाओं से घर-घर में राशन कम मूल्यों पर मिलना एवं अन्य योजनाओं से आर्थिक जरूरतें भी पूरी हो रही है।

जहां एक ओर बीते दौर में कॉटन परिधान ही हर घर की आवश्यकता थी परंतु आज के दौर में पहनावे में काफी परिवर्तन देखे जा रहे हैं। शादी-ब्याह के हर प्रोग्राम में अलग-अलग ड्रेस कोड का प्रचलन भी बढ़ा है। साथ ही स्कूल यूनिफॉर्म का व्यापार भी वस्त्र बाजार में अहम स्थान रखता सा दिख रहा है। ग्राहकी कमजोर होने का मूलभूत कारण कपड़े की उपयोगिता कम होना भी हो सकता है। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य जरूरतों पर खर्च बढ़ना भी वस्त्र बाजार के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है और साथ ही मौसम के प्रभाव एवं रिटेल में भरपूर स्टॉक ने लग्न की इस ग्राहकी पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।












# सूटिंग-शर्टिंग में प्रमुख
## श्री अम्बिका सिन्थेटिक्स




हुबली/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में 38 वर्षों से कपड़ा व्यवसाय में कार्यरत संस्थान श्री अम्बिका सिन्थेटिक्स का नाम अग्रणी होलसेलर में शुमार किया जाता है। फर्म के संस्थापक श्री शेषमल भण्डारी, श्री मगन लाल रावल एवं श्री कमलेश रावल ने शुरुआत से ही अच्छे ब्राण्ड्स की मार्केटिंग कर कपड़ा व्यवसाय में संस्थान को प्रसिद्धि दिलाई। वस्त्र व्यवसाय में सिल्वर जुबली मना चुके इस संस्थान पर इस समय सूटिंग-शर्टिंग, यूनिफॉर्म एवं ब्लाउज मटीरियल का काम वृहद स्तर पर किया जा रहा है। श्री रावल ने बताया कि सूटिंग-शर्टिंग में मफतलाल, वालजी, क्यूमेक्स, एलविनो, सुगम, कन्चन इण्डिया, सन्मति, ब्लाउज मटीरियल में विजय लक्ष्मी व मुम्बई की रूबी प्रमुख है। श्री रावल ने बताया कि इनकी सप्लाई पूरे कर्नाटक में है।

**सालाना कॉन्फ्रेंस का आयोजन**- संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष रिटेलर्स मीट का भी आयोजन कराया जाता है। इस आयोजन में सभी रिटेलर्स को आमंत्रित किया जाता है। जिसमें व्यापारियों को संस्थान द्वारा प्रदत्त आगामी स्कीम्स एवं कपड़े की नई वैरायटीज के बारे में जानकारी दी जाती है, साथ ही सीजनल बुकिंग का भी आयोजन किया जाता है।




# VANESONS SILKS - Where Trust Meets Tradition






**Hubballi**/ The VAK ( Vanechandji Amarchandji Kataria) group believes in providing quality services to its customers and has been successfully doing so for the past three decades. A little progress everyday gives big results is what VAK group believes in.

On 25-10-1982 , the third generation of the distinguished Kataria family started their 1st Venture 'AMARSONS', a men's shop for suiting and shirting. The support of our customers and their well wishes urged us to climb the 2nd step in the world of business and the group started its second venture, 'VANESONS' on 21-10-1985, and with the substratum of our clients it turned out to be a premier shop and gained a prestigious name not only in Karnataka but also in the neighbouring states.

On 9-11-1989, the group evoked 'KATARIAS' an exclusive shop for suiting and shirting, it transpired to be a phenomenon emporium unheard anywhere in the country. The esteemed VAK group climbed the next step in the world of business as it renovated one of it's sister concerns, 'Katarias' in 2003 and also added a floor to the venerable store for readymade garments, which is now visited by the groom and families before the wedding to check out the widest range of readymade suits and sherwanis. In 2006, the group converted 'AMARSONS' into an exclusive Designer saree store. In 2010, the group came up with SAGARS that provided uniforms and also had a whole sale section .

Keeping in mind the change in taste and preference of the people with time, the group initiated Vanesons NX, another elite store for suiting and shirting where one can get fabrics sourced from all over the world.

And the SAGA continues...

Change is the heartbeat of growth, we were with the men for all these years with 5 prime stores and gave our customers the best the world had to offer. Next, it was time to provide relentless service to women. To add some more sparkle to our business, our group came up with a MEGA SHOWROOM, "VANESONS SILKS" where trust meets tradition which is a women oriented ethnic wear store.

This empire, this position in the retail world wouldn't even exist if we didn't have our extremely smart, insightful, gutsy founder, Late. Shri Ashok Amarchandji Kataria. It's an unrepairable loss. But, he taught us how to stand on our feet and let not any obstacle hinder our way in the ladder to supreme success.

Business is like a car which needs 4 wheels to function that is God, Founding father, Suppliers and most importantly it's Customers. If anyone is missing, one can't move ahead. All that we are today is because of the blessings showered by them and we are sure that all our customers of thirty seven years will support our business and their blessings will certainly help us to serve better.




## कुमार सिन्थेटिक



**हुबली/** स्थानीय मण्डी में सन् 1999 में अपनी फर्म कुमार सिन्थेटिक की स्थापना श्री लक्ष्मी चन्द बाल चन्द जैन ने की और वर्तमान में श्री किरण कुमार जैन व्यापार को ऊंचाइयाँ प्रदान किये हुए है। श्री जैन ने बताया कि ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं जिसमें सियाराम (मिस्टेयर), एसजीएस (सूटिंग) व मुम्बई से रमेश शर्टिंग, सारस शर्टिंग एवं लिनन प्रमुख हैं। श्री जैन ने बताया कि वे सालाना कॉन्फ्रेंस भी कराते हैं, जिससे व्यापारियों को एक ही छत के नीचे ब्राण्डेड आइटम मिल जाता है। वालजी की यूनिफॉर्म, वॉकी-टॉकी एवं पोस्टर रेंज का कार्य विस्तृत पैमाने पर फैला हुआ है। श्री जैन ने कहा कि ईद व शादी-ब्याह में ग्राहकी उम्मीद से अधिक रहती है।

## श्री पद्मश्री सिन्डीकेट



**हुबली/** सन् 1997 से वस्त्र व्यवसाय में कार्यरत संस्थान श्री पद्मश्री सिन्डीकेट ने हुबली वस्त्र बाजार में ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग में एक विशेष पहचान अर्जित की है। संस्थान के संचालक श्री शिव कुमार जवलगी ने बताया कि उनके रिटेल काउन्टर पर ब्राण्डेड आइटमों जिनमें प्रमुखतः रेमण्ड, सियाराम, मयूर, बीएसएल एवं डोनियर तथा शर्टिंग में फैंसी डिजाइन वर्क प्रिण्ट तथा गिफ्टिंग की भरपूर रेंज इनके संस्थान में हमेशा उचित दाम में उपलब्ध है।

## शाह हीराचन्द बने चन्द एण्ड कम्पनी





**हुबली/** विगत 104 वर्षों से रिटेल सेगमेण्ट में कार्यरत शाह हीरा चन्द बने चन्द कम्पनी एक जाना पहचाना नाम है। कम्पनी की शुरूआत श्री हीराचन्द बने चन्द कटारिया ने की, जिसे वर्तमान में श्री घीसू कटारिया व स्व. श्री महेन्द्र कटारिया के साथ-साथ श्री मदन व सुनील कटारिया कर रहे हैं। कम्पनी ने सुटिंग-शर्टिंग, साड़ी, ड्रेस मटेरियल, हेण्डलूम के साथ कम्पलीट स्टोर के रूप में जाना पहचाना नाम है। कम्पनी सभी इम्पोंटेड ब्राण्ड भीलवाड़ा मुम्बई से लेकर पूरे शहर में विपणन कर रही है।

## पारस टेक्सटाइल

**हुबली/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1978 से अपने कारोबार करना वाले फर्म के संस्थापक श्री पुखराज कवाड़ सूटिंग-शर्टिंग में कपड़ा मार्केट में अहम् मुकाम हासिल किये हुए है। श्री पुखराज ने बताया कि वे मुम्बई की शर्टिंग, गुडविल व फैंसी सूटिंग जिसमें 2/18 ट्विल आदि का होलसेल व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे हुबली जिले में अपने व्यापार को विस्तारित किये हुए हैं।

# बेमौसम वर्षा-आंधी से उत्पादन प्रभावित

**बालोतरा/ एल सी पुनीत**

ग्राहकी भरपूर है केवल उन प्रतिष्ठानों के पास, जिनकी केपेसिटी उच्च स्तरीय है। जिन उत्पादकों की साख है और माल की गुणवत्ता में निरन्तर सुधार में प्रति लगनशील हैं। उनका माल भी उनके निर्धारित मूल्यों पर बिक रहा है। प्रोसेस हाऊस सभी भरे पड़े हैं। रेडी माल की लेवाली इस सीजन में भी संतोष जनक बनी हुई है। एक तो छोटे-बड़े सभी उत्पादन कह रहे हैं कि भुगतान सकंट के हालात यही बने रहे, तो बड़ी परेशानियों से झूझना पड़ेगा। रकम की आवक पचास प्रतिशत से भी कम है। इससे क्रय शक्ति कमजोर होती लग रही है। ग्रे क्लोथ में जो मन्दी पसर रही है, उसका मुख्य एक कारण यह भी हो सकता है। अनुभवी उद्यमी बता रहे है कि मन्दी-तेजी के बारे में निश्चित रूप से कुछ भी कहा नहीं जा सकता। पोपलीन की मांग में कमी नहीं हैं। क्लोथ नाईटी की चालानी तो है, पर आंशिक। पेटीकोट कई प्रकार के बनने से इसकी बिक्री देशव्यापी बनी हुई है। रेयान के भाव अभी स्थिर होने से अच्छा काम होने के समाचार हैं। सूटिंग प्रोसेस का काम गति के साथ होने से प्रोसेसरों में उत्साह नजर आ रहा है। सिन्थेटिक गुड्स की मांग ज्यों की त्यों बनी हुई है। लेंवाली का जो भी ढ़ाँचा अभी बना हुआ है,वह रेडी माल का ही है। कुल मिला कर लाओ-लाओ की स्थिति तो नहीं है परन्तु उद्योगों के चलने के हालात से संतोष किया जा सकता है। मौसम को परिवर्तनशीलता के दायरे में कुछ भी कहा नहीं जा सकता । बादलों की दौड़, आँधियों की भरमार के साथ बरसात ने सारा खेल ही बदल दिया है। नुकसान होना आम बात है। पूरी सावधानियाँ रखने के पश्चात् भी किसी न किसी उत्पादन के स्टेज पर मौसम अपनी छाप छोड़े बिना नहीं रहता। इस समय लेबर की कमी को लेकर उत्पादन में अवरोध बना हुआ ही है। इसके साथ वर्षा,आँधी,तूफान,के थपेड़ों की मार भी कम नही है। ये कुछ ऐसे कारण हैं, जिनमें मन्दी के वातावरण को बल मिलता है। कभी कभी वास्ताविक रूप में मन्दी नहीं होती, परन्तु हालात ऐसा सोचने को मजबूर कर देते हैं।

इस समय गर्मी का तप्त एहसास इतना भले न हो, परन्तु कार्य प्रक्रियाएँ कुंठित सी हो जाती है। औद्योगिक उत्पादन चालानी पर सीधा असर दिखता है, इसके साथ अन्य सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक आदि कार्यो पर भी असर स्पष्ट दिखता है। वैवाहिक कार्यों में बाधाओं से इन दिनों दिक्कतों के बारे सोचा ही जा सकता है। मुहूर्त के मामलों में अब मौसम के मिजाज की जानकारी आवश्यक हो जायगी, अन्यथा सेल बिगड़ने का डर पूरे समय तक बना रहता है। अचानक आई बरसात से माल में रंग फर्क दाग धब्बों व धूल कणों के समावेश से अधिकांश माल सेकण्ड हो गया। फेन्ट भी इस कारण से अधिक निकलेगा। इसके साथ आई आँधी की गिरफ्त में टेम्पोरेरी ढाँचे तो ढ़हे ही इसके अलावा फेक्ट्रियों में बने पक्के निर्माण भी क्षतिग्रस्त हो गये। कई कारखानों में कपड़े सुखाने के 'ग्रे' भी धाराशायी हुए। सोलर ऐनर्जी के लिये लगाई प्लेटें भी क्षतिग्रस्त हुए बिना नहीं रही। कई औद्योगिक प्रतिष्ठान जो समय रहते सचेत हुए उन्हें हानि कम से कम हुई। प्रकृति के इरादों से बचने के जुगाड़ तो किये जा सकते हैं, परन्तु इस पर जोर किसी का नहीं चलता।

लगता है भले ही ग्रे बाजार के दबने के संकेत और मुखर हो रहे हैं, परन्तु माल की मांग बराबर बनी रहने की उम्मीद है। वैसे लेवाली समय अनुसार संतोषप्रद ही बताई जा रही है। ओवर ड्यू सौदों में खटाई दिखाई पड़ रही है, कारण तेजी में कम से कम माल चालान करने व मन्दी में एक साथ माल भेजने से परेशानी आती है। अब कई दिनों तक तो व्यवस्थित होने में लगेंगे, इसके बाद ही औद्योगिक प्रक्रियाएँ नियमित हो सकेगी। जानकार लोगों का कहना है कि ग्रे क्लोथ की मन्दी जाहिर होने के बाद आज भी तैयार माल अपने भाव में बेचने को सफल हो रहे हैं उत्पादक!

# इंटरनेशनल के समकक्ष भाव होने पर बढ़ सकता है रुई का निर्यात

मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय

रुई की आवक में निरंतरता का अभाव है। उत्पादन के बदलते आंकड़ों से दुविधाएं बढ़ी हैं। उंचा भाव पाने की चाहत में स्टॉक कर बैठे किसानों की निकली बिकवाली से आगे रुई की उपलब्धता बढ़ने के आसार हैं, तथापि रुई के भाव में उतार चढ़ाव का दौर जारी है, इससे स्पिनिंग मिलों की लेवाली कम हो गई है। आस्ट्रेलिया से रुई आयात का कंसाइनमेंट तीन से चार महिने में भारत पहुंचने की धारणा से बाजार का सेंटीमेंट ढ़ीला है। निर्यात अनुमान से कम रहने और टेक्सटाइल इकाइयों में कम क्षमता पर काम होने से कॉटन यार्न की मांग घटी है। महिने के प्रारंभ में गुजरात संकर रुई का भाव प्रति खंडी 61900 रू थी, जो करीब 3700 रू तक घटकर अब 58200 रू हो गया है।

किसानों की जोरदार बिकवाली से भाव टूटे हैं। जिनिंग इकाइयों, सरकारी एजेंसियों और निर्यातकों के पास स्टॉक होने का अनुमान है। करीब 30 लाख गांठ का अनसोल्ड स्टॉक का अनुमान लगाया जा रहा है। रुई की आवक अप्रैल महिने में प्रति दिन औसतन 1.35 लाख गांठ तक थी, जो मई में घटकर 80 से 8 5 हजार गांठ रही है। जानकारों का कहना है कि देश में रुई के भाव 57 हजार रू के करीब आए, तो इंटरनेशनल भाव के समकक्ष होने पर देश से रुई का निर्यात बढ़ सकता है। कपास की आवक पूरी होने के बदले बढ़ी है। यद्यपि अगस्त में कर्नाटक एवं तमिलनाडु कपास की नई आवक शुरू होने के अनुमान सहित 15 सितम्बर बाद उत्तर भारत से कपास की आवक शुरू हो सकती है।

धीमी शुरूआत के बाद प्रतिकूल मौसम के बीच पंजाब के किसानों ने लक्षित क्षेत्र 3 लाख हेक्टेयर में से आधे में कपास की बुवाई कर ली है। पंजाब के कपास उत्पादक क्षेत्रों में आठ जिले शामिल हैं। इनमें भटिंडा, फाजिल्का, मानसा और मुक्तसर प्रमुख हैं। अन्य जिलों में मोगा, बरनाला, संगरूर और फरीदकोट आता है। फाजिल्का जो इस वर्ष आगे है, यहां पिछले वर्ष सबसे अधिक क्षेत्रफल में कपास की खेती की गई थी। भारत में रुई का भाव अभी भी इंटरनेशनल भाव की तुलना में कुछ अधिक है। इस नाते देश निर्यात अपेक्षा से कम है। हर वर्ष 40 लाख गांठ तक निर्यात किया जाता था, परंतु इस वर्ष अभी तक भारत से निर्यात 17 से 18 लाख गांठ हो सका है, लेकिन आयात बढ़ने का अनुमान है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रुई की आवक में उतार एवं चढ़ाव को देखते हुए कपड़ा उद्योग की रुई आयात की मांग बढ़ी है। भारत के स्पिनरों ने आस्ट्रेलिया से 2.50 लाख गांठ शुल्क मुक्त रुई आयात का ऑर्डर दिया है। यह कार्गो तीन से चार महीने में भारत आएगा। आस्ट्रेलिया के अलावा अफ्रिका से भी रुई आयात करने का इरादा स्पिनरों का है। केंद्र सरकार की एक योजना है, जिसके तहत विकासशील देशों से आयात पर आधा शुल्क माफ किया जाएगा। देश में 340 लाख गांठ रुई की पैदावार होने का अनुमान है, लेकिन इस वर्ष बाजार में रुई की आवक धीमी है। आवक धीमी होने का कारण अधिकतर किसानों ने अधिक भाव पाने की चाहत से अपने पास कपास का स्टॉक रखा हुआ है।









# CMAI द्वारा नॉर्थ इण्डिया गारमेण्ट फेयर 2023 में 500 करोड़ का व्यापार

## अपेरल मैन्युफैक्चरर्स का उत्तरभारत में सकारात्मक रुख







**नोएडा/** CMAI द्वारा दिनांक 30, 31 मई व 1 जून को नोएडा में आयोजित गारमेण्ट फेयर में देशभर के 6000 से अधिक डीलर्स व रिटेलर्स ने भाग लेकर अपेक्षा से अधिक रिस्पॉन्स दिया। NIGF 2023 का यह प्रथम फेयर अत्यन्त सफल रहा, जिसमें 500 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ।

नोएडा में CMAI द्वारा आयोजित इस फेयर में 258 से अधिक मैन्यूफैक्चरर्स ने अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले 1,40,000 वर्ग फिट के क्षेत्रफल में लगाई गई जिसमें देशभर के 95 प्रतिशत गारमेण्ट निर्माताओं ने मुम्बई, सूरत, जयपुर, बंगलुरू, इन्दौर, लुधियाना, उत्तरप्रदेश, दिल्ली एनसीआर के करीब 6000 रिटेलर्स ने इस फेयर में भाग लिया।

इस अवसर पर CMAI के वाइस चेयरमेन श्री रोहित मुंजाल, श्री जयेश शाह, गारमेण्ट फेयर के चेयरमैन श्री सन्तोष कटारिया व चीफ मेण्टर श्री राहुल मेहता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (CMAI) के अध्यक्ष श्री राजेश मसन्द ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में टेक्सटाइल और क्लोथिंग कि मांग में राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर आशातीत वृद्धि हुई है। गारमेंट निर्माताओं और उत्तरी भारत के रिटेलर्स ने मांग को बहूत आगे बढ़ाया है। इस फेयर में नियत समय से पूर्व ही भीड़ एकत्र होना इसकी सफलता को दर्शाता है।

CMAI के चीफ मेंटर श्री राहुल मेहता ने कहा कि अपेरल क्षेत्र में घरेलू मांग में वृद्धि व्यापार और नियोजन के बेहतर अवसर लेकर आई है, इससे व्यापार वृद्धि के अवसर पैदा होने के साथ साथ देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी।

CMAI नॉर्थ इंडिया गारमेंट फेयर 2023 के चेयरमैन श्री संतोष कटारिया ने इस अवसर पर कहा कि इस फेयर में आशा और अपेक्षा से अधिक टर्नओवर हुआ है। हम इस फेयर से पूर्णतया संतुष्ट हैं। यह 25 वर्ष में पहला अवसर है, जब उत्तरी भारत में इस प्रकार का फेयर आयोजित किया गया है। त्यौहारों एवं शादी के लिए अपेरल निर्माता ब्राण्ड 'बोनांजा' के श्री अखिल गुप्ता ने कहा कि CMAI द्वारा NIGF 2023 का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया है और हमें इसमें आशा से अधिक रिस्पॉन्स मिला है। हम इस में भाग लेकर अत्यंत प्रसन्न हैं। इसमें हमें रिटेलर्स से सीधा संपर्क करने का अवसर प्राप्त हुआ, साथ ही वे व्यापारी जिनसे पिछले कुछ वर्षों से संपर्क कट गया था, उसे पुनः स्थापित करने का सुअवसर मिला है।

27 वर्ष से एथनिक वीयर ब्राण्ड 'त्या रोमानी' के निर्माता श्री पंकज जैन ने कहा कि उत्तरी भारत में इतने बड़े पैमाने पर ट्रेड फेयर आयोजित करने का यह प्रथम अवसर है। इससे उत्तरी भारत में बाजार विस्तार करने में सहयोग मिलेगा और हम अपने व्यापार का विस्तार कर सकेंगे।

हर शादी समारोह पर कुर्ते पजामा का ट्रेंड काफी बढ़ता जा रहा है। इस फेयर में मुम्बई के प्रख्यात नवसारी कॉटन के बी देशी ब्राण्ड में कुर्ते पजामा की विस्तृत वस्त्र श्रंखला पेश की। इस अवसर पर श्री दिशांत जैन ने बताया कि यह फेयर हमारे लिए काफी उपयोगी साबित हुआ है। हमारी रेंज देखकर व्यापारी काफी खुश नजर आए।

सूट एवं ब्लेजर के प्रख्यात ब्राण्ड PIONI ने भी अपने उत्पाद का जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि नोर्थ इण्डिया में यह हमारे उत्पादों का पहला प्रदर्शन था, जो हमारे लिए काफी उपयोगी रहा। काफी व्यापारियों से जुड़ाव हुआ है, जो हमारे व्यापार में और भी वृद्धि करेगा।

घरेलू एपेरल उद्योग का भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। इससे यह भी साबित होता है कि इस पर पूरा नियंत्रण उपभोक्ता का होता है। त्यौहारी सीजन की मांग किसी सेगमेंट विशेष की नहीं होकर सामान्य मांग होती है। इसमें वस्त्रों की विस्तृत श्रंखला जैसे एथनिक वीयर, वेस्टर्न वीयर, फ्यूजन वीयर और अन्य कई सम्मिलित रहती है। इसके अलावा आरामदेह वस्त्रों की मांग में इजाफा हुआ है। क्लॉदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) भारतीय एपेरल उद्योग की अग्रणी एसोसिएशन है, इसके 4000 से अधिक सदस्य हैं जो 20,000 से अधिक रिटेलर्स को अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। इसके सदस्यों में निर्माता, निर्यातक, ब्रांडेड वस्त्र निर्माता और प्रमुख उद्योग शामिल हैं। यह व्यापार संवर्धन एवं अन्य महत्वपूर्ण मामले आदि का निष्पादन करती है। सन् 2019 में संस्था के सदस्यों की व्यापार संवर्धन हेतु SURE योजना लॉञ्च की।

60 वर्ष पूर्व स्थापित इस संस्था में उद्योग विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सन् 1978 में इसने अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की स्थापना की जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान है, जो CERTIFICATE OF ORIGIN निर्यात हेतु जारी करती है।

CMAI एकमात्र एसोसिएशन है, जो भारत के अंतरदेर्शीय एपेरल उद्योग व व्यापार का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करती है और अंतर्राष्ट्रीय एपेरल फेडरेशन की सदस्य है, जिसका मुख्यालय नीदरलैंड्स में है।











## यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में भरोसेमंद एजेन्सी

# भैरव सिन्टेक्स

## नित नए डवलपमेंट से एजेंसी का कार्य सम्पूर्ण भारत में


श्री महेन्द्र जैन


श्री हर्ष जैन

भीलवाड़ा/ विगत 25 वर्षों से एजेन्सी क्षेत्र में कार्यरत फर्म भैरव सिन्टेक्स यूनिफॉर्म फैब्रिक्स एवं फैन्सी सूटिंग के अग्रणी पायदान पर है। फर्म के डायरेक्टर श्री महेन्द्र तातेड़, जिन्होने शून्य से शुरूआत करते हुए कठिन परिस्थितियों में आशावादी विचार लेकर मेहनत की एवं अपने कार्य कौशल आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। श्री तातेड़ के साथ उनके युवा पुत्र श्री हर्ष तातेड़ के नित नए डवलपमेंट से एजेंसी आज दक्षिण भारत के साथ-साथ संपूर्ण भारत में अपने कार्यक्षेत्र का जाल बिछाए हुए हैं।


### यूनिफॉर्म उत्पाद



फर्म की कार्यशैली एवं प्रोडक्ट के बारे में श्री तातेड़ ने बताया कि यूनिफॉर्म की श्रेष्ठ क्वालिटियों का विपणन करना हमारा ध्येय है। वर्तमान में यूनिफॉर्म के अंतर्गत विभिन्न कलर रेंज एवं डिजाइंस वर्षभर हम पार्टियों को उपलब्ध करा रहे हैं जिसमें स्कूल, कॉरपोरेट, सिक्योरिटी, हॉस्पिटल, कॉलेज, होटल, एयरलाइंस एवं इंडस्ट्रियल सेक्टर में भी माल की आपूर्ति कर रहे हैं।

**सेल्स नेटवर्क-** फर्म पूरे भारतवर्ष में अपनी एजेंसी का कार्य कर रही है, जिसमें दक्षिण भारत मुख्य रूप से है।





**प्रमुखः-** फर्म अपने कंजूमर को क्वालिटी उत्पाद एवं मालों की समय पर डिलीवरी करना पहली प्राथमिकता रहती है। यूनिफॉर्म सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए और जरूरत के अनुसार सभी कंपनियों की फैब्रिक रेंज का नए-नए डिजाइंस के कैटलॉग हमेशा तैयार रखते हैं। इन कैटलॉग की खासियत यह है कि इसमें प्रदर्शित समस्त फैब्रिक रेंज का फर्म भरपूर रेडी स्टॉक मेंटेन करते हुए पूरे भारतवर्ष के व्यापारियों को उपलब्ध करा रही है, साथ ही फर्म फैंसी सूटिंग व शर्टिंग कॉटन व कॉटन लाइक्रा मुख्यतः भीलवाड़ा सूरत व भिवंडी का कार्य प्रमुखता से कर रही है।


।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः।।

BS
Deal with ease, deal with us

Specialisation in
UNIFORM & CORPORATES



Bhairav Syntex
Textile Agent

MAHENDRA JAIN
+91 94138 60897
+91 63785 41066
HARSH JAIN
+91 94611 32695

112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha, Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com



CADINI
ITALY
THE POWER OF PRESENCE

www.cadini.com

Available at all leading retail outlets across the country. For trade/ corporate enquiries, contact: 022-68330500.

## सम्पादकीय....

# रेलवे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए त्रुटिहीन तकनीक व्यवस्था आवश्यक

रेल मंत्री की ओर से बालेश्वर हादसे की जांच सीबीआइ से कराने की सिफारिश यह बताती है कि मामला बहुत गंभीर है, लेकिन मुद्दा केवल दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कारणों और लोगों की पहचान ही नहीं बल्कि यह भी है कि ट्रेनों का सुरक्षित संचालन कैसे सुनिश्चित हो।

सबसे भयानक रेल दुर्घटनाओं में से एक बालेश्वर रेल हादसे में यह तथ्य सामने आना गंभीर चिंता का कारण बनना चाहिए कि इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम में गड़बड़ी के कारण यह दुर्घटना हुई। विस्तृत जांच रिपोर्ट इस पर और विस्तार से प्रकाश डालेगी, लेकिन ऐसे समय जब देश में ट्रेनों की संख्या और उनकी गति बढ़ती चली जा रही है, तब उनके सुरक्षित संचालन के लिए त्रुटिहीन तकनीक का उपयोग सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। यदि यह सच है कि दक्षिण पश्चिम रेलवे के एक पूर्व अधिकारी ने इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम की अनदेखी होने की बात कही थी, तो फिर इसकी तह तक जाना चाहिए कि उनकी रिपोर्ट को गंभीरता से लिया गया या नहीं?

इसी के साथ इस प्रश्न का उत्तर भी मिलना चाहिए कि इलेक्ट्रानिक सिग्नल मेंटेनर सही तरह काम करता है या नहीं? ट्रेनों के संचालन में ऐसी किसी तकनीक के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जा सकती, जो पूरी तरह भरोसेमंद न हो या फिर जिसमें गड़बड़ी होने की तनिक भी गुंजाइश रहती हो। चूंकि बालेश्वर हादसा बहुत ही भयावह है और इस तरह के हादसे स्वीकार्य नहीं, इसलिए उसकी केवल सघन जांच ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में इस तरह के हादसे न हों। यह सुनिश्चित करके ही उस भरोसे को बहाल किया जा सकता है, जो बालेश्वर रेल हादसे के बाद डिगा हुआ सा दिखने लगा है।

रेल मंत्री की ओर से बालेश्वर हादसे की जांच सीबीआइ से कराने की सिफारिश यह बताती है कि मामला बहुत गंभीर है, लेकिन मुद्दा केवल दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कारणों और लोगों की पहचान ही नहीं, बल्कि यह भी है कि ट्रेनों का सुरक्षित संचालन कैसे सुनिश्चित हो। इसके लिए ऐसी भरोसेमंद तकनीक विकसित करनी होगी, जिसमें न तो किसी खामी के लिए गुंजाइश रहे और न ही किसी मानवीय भूल के लिए। यह अच्छी बात है कि बालेश्वर रेल हादसे को लेकर लगभग एक स्वर से यह मांग उठी है कि उसकी गहनता से जांच हो, लेकिन इसी के साथ विरोधी दलों के कुछ नेता रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के त्यागपत्र की मांग करने में जुट गए हैं।

यह मांग करने वालों को अपने आप से यह प्रश्न करना चाहिए कि क्या रेल मंत्री का त्यागपत्र उन कारणों का निवारण करने में सहायक सिद्ध होगा, जिनके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 275 रेल यात्री मारे गए और एक हजार के करीब घायल हो गए? यह विडंबना ही है कि अश्विनी वैष्णव से त्यागपत्र मांगने वालों में वे पूर्व रेल मंत्री भी हैं, जिनके समय भी बड़े रेल हादसे हुए और तब उन्होंने त्यागपत्र देने की कोई आवश्यकता नहीं समझी। रेल मंत्री से त्यागपत्र मांगने वालों को इस तथ्य की अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि उन्होंने रेलवे की हालत सुधारने और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## कुछ नया, कुछ अलग •



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

### दोस्त मेरे, पहचान खुद को !

इंसान इस दुनिया में विस्मय के साथ जन्म लेता है। जन्म से दुनिया के सभी घटना क्रम जानने का विस्मय मृत्यु तक उसके साथ सफर करता है। हम इस विश्व में सब कुछ जान लेने हैं, लेकिन सिर्फ खुद को ही नहीं जानते और खुद को जानने समझने की कभी कोशिश भी नहीं करते। हम यह भी नहीं जानते कि स्वयं के महत्व को समझने व जानने के बाद ही अपनी पहचान बन सकेगी। जिसने स्वयं को नहीं पहचाना, उसने अपनी क्षमता को नहीं जाना। जितने भी लोगों ने आगे की यात्रा की है, सबसे पहले स्वयं को पहचाना। इसके बाद ही अपनी मंजिल तक पहुंचे हैं। दुनिया के इस क्रम चक्र में खुद को साबित करने के लिए स्वयं को जानना जरूरी है। जिसने स्वयं को नहीं जाना, उसने जीवन के फलसफे को नहीं समझा। जब व्यक्ति खुद के अंदर झांकता है तो उसको नई ताकत मिलती है। वह परिष्कृत होता है, प्रतिभा में निखार आता है और यह प्रतिभा ही हमें समाज में, अपने व्यापार में आगे ले जाती है। इसलिए सफलता के लिए भी यह जरूरी है कि हम पहले स्वयं को पहचानें और फिर आगे की ओर बढ़ें। स्वयं को जानना एक अभ्यास है, अपनी कमियों को दूर करने का और अपनी अच्छाइयों को आगे कर जीवन के लक्ष्य को पाने का। स्वयं को जानने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं हो सकता। इसलिए हमको स्वयं को हर हाल में पहचानना होगा।

जीवन के लक्ष्य को तय करते समय सदैव अपनी अपेक्षाओं का ध्यान रखना चाहिए। अपेक्षा ऐसी भी न हो कि जो लक्ष्य में बाधा बने, तो ऐसी भी न हो कि लक्ष्य को ही महत्वहीन बना दे। स्वयं को समझेंगे तो हमारी अपेक्षाएं भी बड़ी और पक्की होंगी। ऐसे में कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ना होगा।

अध्यात्म स्वयं को जानने का अवसर देता है। श्रीकृष्ण भगवान के उपदेश से अर्जुन ने स्वयं को जाना, वो उन्हें अपने कर्तव्य व लक्ष्य को समझा पाए, जिससे अर्जुन महाभारत के युद्ध में सफल हुआ। स्वयं को जानना ही सफलता का मूल मंत्र है। यदि हम स्वयं को नहीं पहचानेंगे तो फिर जीवन और उससे जुड़े लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से न्याय ही नहीं कर पाएंगे। जब हम स्वयं के महत्व को समझेंगे तो लक्ष्य तय करने में आसानी होगी। यह जानना ही जीवन की राह को सरल बनाने का कार्य करता है। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने लक्ष्य को जानें, स्वयं को पहचानें।

जब तक अपने अंदर बसे एक तत्व को नहीं समझेंगे, आप अपने जीवन' म में अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य नहीं कर सकेंगे। क्षमता एवं निष्ठापूर्ण कार्य ही कार्य ही सफल जीवन का समानार्थी बन सकता है। यूँ तो इस सबसे ऊपर जीवन है, इसलिए स्वयं के महत्व को जानने से सिर्फ जीवन का मूल्य ही नहीं बढ़ता लेकिन जीने के मायने भी आ जाते हैं। पड़ोसी मुल्क के शायर तौकीर 'तकी' की एक खूबसूरत ग़ज़ल आपके साथ साझा करके आज की इस बात को अल्प विराम देता हूँः-

लफ़्ज़ की क़ैद से रिहा हो जा
आ मिरी आँख से अदा हो जा।
फेंक दे खुश्क फूल यादों के
ज़िद न कर तू भी बे-वफ़ा हो जा।
खुश्क पेड़ों को कटना पड़ता है
अपने ही अश्क पी हरा हो जा।
छेड़ इस हब्स में महकती ग़ज़ल
और दर खोलती हवा हो जा।

संग बरसा रहे हैं शहर के लोग
तू भी यूँ हाथ उठा और दुआ हो जा।
खुद को पहचान, इधर उधर न भटक
अपने मरकज़ पे दायरा हो जा।
और फिर हो गया मैं आईना-रू
उस ने इक बार ही कहा हो जा।
कहीं अंदर से आज भी 'तौक़ीर'
इक सदा आती है मिरा हो जा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## Cotton Spinning Mills की नई चुनौती



श्री अवधेश कुमार शर्मा
प्रेसीडेंट ऑपरेशन्स
श्री कृष्णा स्पिनिंग मिल्स
(इण्डिया) प्रा.लि., बुरहानपुर
94794 48612

बंगलुरु/ वर्ष 2026 तक भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को 450 लाख गांठ कपास की जरूरत होगी। भारत में इस सदी के पहले दशक में सिल्वर फाइबर क्रांति से कपास का उत्पादन 3 गुना हो गया। यह 130 लाख गांठ से बढ़कर 2014-15 में 400 लाख गांठ तक पहुंच गया। इसके साथ ही 2015 में भारत दुनिया का एक प्रमुख कपास उत्पादक बन गया था।

भारत में कपास के उत्पादन में हाल के वर्षों के दौरान गिरावट आई है। यह गिरावट वर्ष 2015 से लगातार है। इस दौरान उत्पादन सालाना 400 लाख गांठ से घटकर 310 लाख गांठ रह गया है, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत, विश्व औसत कपास उत्पादकता 768 किलो प्रति हेक्टेयर की तुलना में मात्र 433 किलो प्रति हेक्टेयर पर ठहर गया है।

कीटों को मारने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा है, जिससे प्रदूषण में भी वृद्धि हुई है। कपास के खेतों में खरपतवार का प्रकोप भी एक गंभीर समस्या है। मजदूरों की कमी, मजदूरी बढ़ने और अधिक समय तक बारिश होने के कारण हाथों से खरपतवार निकालना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

भारत में कपास का रकबा तो बढ़ रहा है और 2022-23 में 125 लाख हेक्टेयर में इसकी खेती हुई। इसमें वह इलाका भी शामिल है, जो इसकी खेती के लिए अनुकूल नहीं है। कपास की खेती का लगभग 65| इलाका, खासकर मध्य और दक्षिणी जोन, वर्षा आधारित है। इस इलाके की मिट्टी में पानी को ग्रहण करने की क्षमता कम होती है, उर्वरता कम है, साथ ही यहां के किसानों के पास सिंचाई के संसाधन भी कम हैं। इसके फलस्वरूप 72 फ़ीसदी कपास क्षेत्र कम (प्रति हेक्टेयर 300 किलो से कम) और मध्यम (370 से 455 किलो प्रति हेक्टेयर) उत्पादकता की श्रेणी में आता है।

क्वालिटी हार्वेस्टिंग के लिए खेती में मैकेनाइजेशन और प्लांट कैनोपी के प्रबंधन जैसे सुझाव दिए गए हैं। इससे कचरा भी कम होगा और खेती की लागत में भी कमी आएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्रोत की पहचान, उचित व्यापार प्रैक्टिस, लेबलिंग, सस्टेनेबल खेती के तरीके से ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन जैसे कदमों की मांग की जाती है। इन जरूरतों को पूरा करने से यार्न, फैब्रिक और गारमेंट जैसे प्रोडक्ट की वेल्यू बढ़ेगी और साथ ही किसानों तथा टेक्सटाइल इंडस्ट्री का मुनाफा बढ़ेगा।

अनुसंधान के क्षेत्र में भी कुछ कदम तत्काल उठाए जाने की जरूरत है। बेहतर लिंट यील्ड और क्वालिटी, अधिक जिनिंग आउटटर्न, मौजूदा कीटों और बीमारियों के लिए प्रतिरोध तथा एबायोटिक स्ट्रेस (सूखा, अधिक तापमान, जल जमाव, खारापन) के प्रति सहनशीलता के लिए ब्रीडिंग के प्रयास भी तेज किए जाने चाहिए। नई ब्रीडिंग टेक्नोलॉजी (जीएम समेत), जीनोम एडिटिंग और हैपलोटाइप ब्रीडिंग की दिशा में विशेष प्रयास की आवश्यकता है। ग्लोबल लीडर बने रहने के लिए मौजूदा एचटीबीटी हाइब्रिड का इस्तेमाल करने के अलावा नए आरआरएफ और बीजी3 इनोवेशन की क्षमताओं को भी खंगालने की आवश्यकता है। शायद शीघ्र ही भारत सभी परेशानियों से निकलकर अच्छे कल की ओर बढ़ता जाएगा।

## बाजार में ग्राहकी सुस्त

ब्यावर/ अनिल डोसी... बाजार में ग्राहकी बहुत धीमी गति से चल रही है, कारण कि इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में ब्याह शादी कम हैं। अब रेडीमेड व स्कूल ड्रेस के व्यापारी तैयारी में लग गए हैं। रेमण्ड व्हाइट, पीक बाई पीक, समर वूल क्वालिटी इधर ज्यादा ही चलती है। पेमेण्ट की आवक ठीक बनी हुई है।

## Yarn Rate+GST
यार्न रेट्स 05 जून, 2023

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/18 Dyed | 190 |
| 2/40 Dyed | 275 |
| 2/30 Frosted | 228 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 230 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 235 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 233 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 192 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 179 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 194 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 184 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 207 |
| 1/15 Poly Black | 134 |
| 20 PV Black | 173 |
| 15 PV Black | 172 |
| 2/18 S Navy 85:15 | 202 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 107-132 |
| 150 Roto Black | 102-143 |
| 150 Roto Bright | 115-138 |
| 150/250 Grey | 117-148 |
| 150/250 Dyed | 134-164 |
| 150 Fdy | 117 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 127 |
| 2/40 POLY | 175 |
| 2/15 Poly Grey | 120 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 117 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 56-93 |
| 6 CONE | 81-140 |
| 10 CONE | 92-178 |
| 2/4 CONE | 85-133 |
| 2/6 CONE | 81-154 |
| 2/8 CONE | 87-152 |
| 2/10 CONE | 103-213 |
| 2/20 CONE | 196-254 |
| 2/30 CONE | 280-369 |
| 2/40 CONE | 270-342 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 190 |
| 15 CONE | 198 |
| 20 CONE | 208 |
| 2/15 CONE | 210 |
| 2/40 CONE | 260 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 177 |
| 2/30 65/35 Black | 235 |
| 2/30 65/35 Gray | 202 |
| 2/40 65/35 Black | 275 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 157 |
| 1/20 P/V | 149 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 118 |
| **RSWM** | |
| 2/40 PV | 206 |
| 2/30 PV | 181 |
| Mahabir | |
| 15 PV | 144 |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022
Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 210 |
| 2/60 PVT | 280 |
| 2/60 Polyster | 240 |
| 2/80 PC Combed | 380 |
| 2/76 Polyster | 290 |
| 2/60 P.V. | 285 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 190+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 179+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 178+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### Kishangarh Yarn Bazar
PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20s Puja viscous | 558 |
| 16s cottspin | 500 |
| 20s Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 208 |
| 1/14 OE | 215 |
| 1/16 OE | 220 |
| 1/20 OE | 240 |
| 30 KW | 290 |
| 30 CW | 310 |
| 2/40 CW ELLY | 310 |
| 30 CW COMPACT | --- |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 60 CW COMPACT | --- |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 142+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 132+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 127+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 235+GST |
| 2/18 P/V Black | 192+GST |
| 2/30 P/V Black | 260+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 203 |
| 7 OE | 205 |
| 8 OE | --- |
| 9 OE | --- |
| 10 OE | 210 |
| 10 Lycra | 285 |
| 16 Lycra | --- |
| 10 Slub Lycra | 315 |
| 16 Slub Lycra | ----- |
| **SRM SPINNERS LIMITED** | |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| 2/18 P/V Black | 210+GST |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv yarn** | |
| 2/40 pv | 193 |
| 2/30 pv | 170 |
| 2/24 pv | 168 |
| 2/20 pv | 164 |
| 2/18 pv | 163 |
| 2/15 pv | 156 |
| 1/15 pv | 148 |
| **POLY YARN** | |
| 2/40 poly | 170 |
| 2/30 poly | 148 |
| 2/24 poly | 143 |
| 2/20 poly | 138 |
| 1/15 poly | 133 |
| **Pv Black 80:20 Blend** | |
| 2/40 pv black | 215 |
| 2/30 pv black | 178 |
| 2/18 pv black | 150 |
| 30 pv black. | 166 |
| 18 pv black. | 146 |
| 15 pv black. | 140 |
| **100% poly black yarn** | |
| 2/30 poly Black. | 151 |
| 2/18 poly black. | 125 |
| 2/15 poly black. | 128 |
| 18 poly black. | 121 |
| 15 poly black. | 115 |
| **PC yarn 65:35** | |
| 2/30 pc recycled | 140 rs |
| 15 Poly recycled | 110 rs |
| 15 Poly virgin Alok | 125 rs |
| 15 Poly virgin Jyoti | 121 rs |

Less 1 rs cd +12% gst
*Prices for forward booking ,Delivery after 7 days from confirmation *

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 2/30 poly @ | 160 |
| 2/20 poly @ | 150 |
| 2/15 poly @ | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 202 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 173 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 160+GST |
| 2/30 PV | 170+GST |
| 15S PV | 155+GST |
| 2/24 PV | 166+GST |
| 2/30 Polyester TFO | ----+GST |
| 2/20 Polyester TFO | ----+GST |

टेक्सटाइल वर्ल्ड
समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
PHONE 01482-237165 |MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL,
GOVINDAM, OLD RTO ROAD,
BHILWARA-311001, (RAJ.)
E-mail: textileworldtw@gmail.com
Web: www.textileworld.org

## श्रद्धांजलि

।।ॐ शांति ॐ।।



स्व. श्री लक्ष्मीनारायणजी राठी
(स्वर्गवासः 24-5-2023)
प्रतिष्ठान
SGS SILK MILLS, MUMBAI
S.G. SYNTHETICS, KOLKATA
श्रद्धावनत
योगेन्द्र शर्मा (संपादक)
एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

## मौसम का नहीं, नोटबंदी का छाने लगा असर

पानीपत/ अशोक शर्मा

दिखने लगा है नोटबंदी का असर! हैंडलूम टेक्सटाइल नगरी पानीपत में अब व्यापार एक शेयर मार्केट की तरह लगता है। मालूम नहीं पड़ता कि सरकार की कौन सी नीति किस वक्त कब आ जाए? ईद के बाद व्यापारी लोग पानीपत की तरफ आने लगे थे, बाजार के अंदर व्यापारियों की हलचल अच्छी थी। कारोबारियों के चेहरे पर पहले की तरह मुस्कान वापस आ चुकी थी, लेकिन किसी ने सोचा नहीं था कि यह नोटबंदी फिर से आ सकती है। हैंडलूम मार्केट के प्रधान श्री विमल मेहता का कहना है कि एक लंबे समय से व्यापार बिल्कुल ठंडा पड़ा था, परंतु अब व्यापार चलने की उम्मीद थी कि अचानक से सरकार का फैसला आया। 2000 का नोट बिल्कुल बंद कर दिया जाएगा। अब मार्केट में ज्यादातर 2000 का नोट ही देखने को मिल रहा है और बाकी सभी छोटे नोट अब बाजार में कम कम देखने को मिलते हैं। यह व्यापार के लिए एक फिर से बड़ा संकट नजर आ रहा है। नोटबंदी 2.0 का असर अब बाजारों में दिखने लगा है। पेट्रोल पंप, दुकानदार, शराब ठेकों व गैस एजेंसी के डिलीवरी बॉय 2 हजार रुपए का नोट लेने से साफ इनकार कर रहे हैं। सभी एक ही तर्क दे रहे हैं कि उनके पास खुले रुपए नहीं हैं, ऐसे में बकाया रुपए कहां से दें। वहीं, बाजारों में रुपए नहीं लेने के कारण लोग अब बैंकों में दो हजार रुपए का नोट बदलवाने के लिए पहुंचने लगे हैं, इस कारण बैंकों में लाइन लंबी होने लगी है। आरबीआई ने सर्कुलर जारी कर 23 मई से बैंकों को बिना कोई आईडी प्रुफ लिए बदलने के आदेश जारी कर दिए थे। उपभोक्त I अपने खातों में कितने भी रुपए जमा कर सकता है। शुरू में बाजारों में हर जगह दो हजार रुपए के नोट लिए जा रहे थे, भले ही कोई भी 100 रुपए का सामान ही क्यों नहीं ले रहा हो। इस कारण बाजारों में 500 रुपए के नोट की किल्लत हो रही है, ज्यादातर फैक्ट्री वालों ने वर्करों को दो-दो हजार रुपए के नोट एडवांस में दे दिए हैं। ये लोग पेट्रोल पंप से लेकर बाजार में जा रहे हैं। सही काम करने वाले व्यापारियों ने 2000 रुपए के नोट ले लिए हैं। इससे 500 रुपए की कमी हो गई। अब नोट बदलें, तभी कुछ समस्या का हल हो पाएगा।

पृष्ठ 1 का शेषांश

## खेलों से जुड़े कपड़ों और एसेसरीज की बड़ी...

सरकार का ध्यान राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन यानि पीएलआई योजना, पीएम मित्र पार्क जैसी प्रमुख पहल, अन्य के साथ-साथ भारत में वस्त्रों और तकनीकी वस्त्रों का कारोबार, आकार बढ़ाने पर केंद्रित है। खेल गतिविधियों में बढ़ती रुचि, लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, एथलेटिक्स की बढ़ती मांग के चलते खेल के सामान, खेलों से जुड़े कपड़ों और एसेसरीज के लिए भारत में व्यापक संभावनाएं पैदा हो रही हैं। श्रीमती शाह ने कहा कि खेल उद्योग द्वारा प्रस्तुत अवसरों को भुनाने के लिए कम्पनियों को अनुसंधान, उत्पाद विकास, नवाचार और स्थिरता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी हित ग्राहकों से आग्रह किया कि वे भारत में स्पोर्टेक उद्योग के विकास को समर्थन देने वाला एक बेहतर वातावरण तैयार करने के लिए मिलकर कार्य करें। कपड़ा मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री राजीव सक्सेना ने कहा कि 10 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत विश्व के तकनीक वस्त्र बाजार में पांच बड़े बाजारों में शामिल हो चुका है और यहां पर टेक्निकल टेक्सटाइल्स बाजार में अच्छी खासी संभावनाएं हैं। इस मोड पर कपड़ा मंत्रालय भारत में तकनीकी वस्त्रों को मजबूत इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, तकनीकी वस्त्रों के उपयोग-मांग को बढ़ाने, जागरूकता और ज्ञान बढ़ाने, उत्पाद और मशीनरी विकास को सुविधाजनक बनाने, समग्र रुप से विशिष्ट खंड पर केंद्रित सम्मेलन आयोजित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उनके अनुसार देश की वर्तमान जनसंख्या को देखते 1.17 मिलियन डॉलर का स्पोर्टेक बाजार बेहद मामूली है। इसलिए घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए अपने देश में बनाए गुणवत्तापूर्ण खेल वस्त्र उत्पादों और सहायक उपकरण के साथ इस क्षेत्र को विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। श्री सक्सेना के अनुसार पीएम मित्र योजना इसे संबंध में एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करती है, जिसमें तकनीकी कपड़ा बनाने वाली कम्पनियां प्लग-एन-प्ले मोड में अपने संयंत्र स्थापित कर सकती हैं। टेक्सटाइल कमिश्नर श्रीमती रुप राशि ने कहा कि स्पोर्टेक क्षेत्र में कपड़ा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, युवा कार्यक्रम खेल और खेल मंत्रालय, खेल उद्योग सहित अन्य विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल बनाने की आवश्यकता है। इस कॉनक्वेल में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारी, और प्रतिनिधि, केंद्र और राज्य सरकारों के उपयोगकर्ता विभाग, संस्थान, उद्योग जगत के प्रमुख उद्यमियों, वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं आदि ने भाग लिया तथा लगभग 16 पथदर्शक भी शामिल हुए।

पृष्ठ 18 का शेषांश

## यार्न की स्थानीय मांग कमजोर....

पिछले एक पखवाड़े में भारत की स्पिनिंग मिलों एवं निर्यात गृहों को 20 और 32 काउंट के यार्न के निर्यात आर्डर मिले हैं। यदि कॉटन यार्न का निर्यात कारोबार तेजी से सुधरता है तो स्पिनिंग इकाईयों की मार्जिन सुधरेगी और यार्न का उत्पादन बढ़ेगा। कॉटन यार्न, फैंसी यार्न, डाईड यार्न, पीवी और पीसी, लिनन इत्यादि में मूवमेंट हल्का है, कोई तेजी नहीं है। स्पिनिंग मिलों की रुई में लेवाली घटी है। कॉटन यार्न उत्पादन भी कम हो रहा है। गुजरात की मिलों में यार्न का स्टॉक है। स्थानीय स्तर पर यार्न की मांग अच्छी नहीं होने से स्पिनिंग मिलों पर आर्थिक दबाव बना हुआ है, मिलों का खर्च प्रति माह बढ़ रहा है, लेकिन यार्न की न तो निर्यात मांग और न ही स्थानीय मांग दमदार है। यार्न की कमजोर मांग को देखते हुए मिलें कॉटन यार्न का उत्पादन और रुई खरीदी करने में सतर्क हो गई है। रुई के भाव में अधिक नहीं बढ़े हैं। इस भाव पर मिलों को यार्न बनाने में कोई दिक्क त नहीं है। फिर भी मिलें यार्न की मांग पर नजर रखे हुए है।

भूल ना जाना ०२२

RISHAB WORLD



# भारत कोकिला सरोजिनी नायडू

(१८७९ - १९४९)

**सरोजिनी नायडू** की जन्म तिथि 13 फरवरी को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इनका जन्म मूलतः बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके पिता **निजाम कॉलेज** हैदराबाद के प्रिन्सिपल थे ।

एक महान लेखिका, कवयित्री और वक्ता **सरोजिनी** को इंग्लैण्ड में उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद के निजाम की ओर से स्कॉलरशिप दी गई।

साहित्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए काम प्रसिद्ध हैं, जिनमें द गोल्डन थ्रेसहोल्ड (ब्रिटिश रोमेंटिसिज्म 1905), इन द बाजार्स ऑफ हैदराबाद (राष्ट्रीयता - 1912), मोहम्मद अली जिन्ना को समर्पित द ब्रोकन विंग (1917) प्रमुख हैं।

वह महात्मा गांधी की प्रबल शिष्या थीं और उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और कई मौकों पर जेल भी गईं |

सन् 1925 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया और सन् 1947 में **उत्तरप्रदेश** की नव स्थापित राज्य की गवर्नर चुनी गई ।

इन्हें गाँधी जी द्वारा **भारत कोकिला** के सम्मान से नवाजा गया ।

# मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन (अहमदाबाद) की इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के साथ चर्चा





**इचलकरंजी**

अहमदाबाद के सबसे पुराने कपड़ा व्यवसायिक संगठन मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन की कार्यशैली की इन दिनों पूरे देश में चर्चा हो रही है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास एवं समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभा रहे इस संगठन के ऊर्जावान प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत की पहल पर फ्रॉड व्यापारियों पर कार्यवाही करने के लिए गुजरात सरकार ने SIT का गठन करवाया था। SIT के गठन के पश्चात् अहमदाबाद मंडी के कपड़ा उद्यमियों के बाहरी मंडियों में अटका करोड़ों रुपया वसूल किया गया, जिसकी पूरे देश में कपड़ा व्यापारी संगठनों ने प्रशंसा की। श्री भगत के अनुसार महाजन कई अन्य प्रकल्पों में समाज उत्थान के कामों में सक्रिय भूमिका भी निभा रहा है।



विगत दिनों इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के आग्रह पर श्री गौरांग भगत अपने आर्बिट्रेशन सेल के सदस्यों के साथ इचलकरंजी पहुंचे थे। इस दौरान श्री भगत ने इचलकरंजी के कपड़ा निर्माताओं एवं ट्रेडर्स के साथ बैठक के दौरान मस्कती महाजन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। श्री भगत ने कहा कि दौ संगठनों के सामुहिक प्रयासों से कई निर्णायक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। आज अहमदाबाद में बड़ी मात्रा में इचलकरंजी से ग्रे आता है और यह व्यापार सालों से चल रहा है। दोनों मंडियों के बीच बहुत अच्छा व्यापार हो रहा है, लेकिन व्यापार में आने वाली कुछ समस्याओं का निराकरण आपस में समझ कर ही किया जा सकता है। साथ ही इचलकरंजी के कपड़ा निर्माताओं एवं ट्रेडर्स के इस संगठन के सदस्यों ने मस्कती महाजन द्वारा SIT के गठन की प्रक्रिया को भी समझा तथा महाजन द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की प्रशंसा की। श्री भगत ने कहा कि इचलकरंजी के व्यापारियों ने खूब आदर सत्कार से हमारी बात सुनी एवं स्वागत किया। उसके लिए हम संगठन के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हैं।

इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ISF-MA) के प्रेसिडेंट श्री अनिल गोयल ने बताया कि मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन, अहमदाबाद के प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत से शिष्टाचार मुलाकात हमारे व्यापार को काफी आगे लेकर जाएगी। श्री गोयल ने कहा कि आज इचलकरंजी मंडी का सबसे ज्यादा व्यापार अहमदाबाद में होता है। इसके लिए हमें और क्या-क्या नया इनोवेशन, क्वालिटी प्रोडक्ट पर फोकस फ्रॉड, पार्टियों से सावधानी जैसी अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई। SIT की स्थापना पर भी गौरांग भगत से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हमे आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं के समाधान पर साथ मिलकर निपटारा किया जाएगा। आज इचलकरंजी वस्त्र मंडी में काफी मात्रा में फिनिश फैब्रिक का उत्पादन भारत की तमाम मण्डियों में सप्लाई किया जाता है।



**कपड़ा उत्पादन में 40 फीसदी कमी**

# इचलकरंजी में कारखाने रहेंगे दो दिन बंद

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

कपड़े की मांग नहीं होने के चलते वस्त्रोद्योग पर मंदी का असर है। कपड़ा उत्पादन में औसतन 40 फीसदी कम होने की जानकारी पॉवरलूम उद्योग से दी गई। अब व्यापारियों की ओर से सूत बीम का पुरवठा कम हो रहा है, जिसके चलते अत्याधुनिक पॉवरलूमधारक अपने कारखाने दो दिन बंद रख रहे हैं तो कुछ कारखानों में एक पाली (शिफ्ट) बंद रखी है, जिससे वस्त्रोद्योग के सायझिंग, प्रोसेस के साथ बाकी घटकों पर असर हो रहा है। देश के बाजार पेठ में अब तैयार हो रहे कपड़े की अपेक्षित मांग नही है, जिससे इचलकरंजी में तैयार हो रहे ग्रे कपड़े को मांग रुकी हुई है। इससे कपड़ा उत्पादकों को बड़े संकट का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ युरोपियन राष्ट्र की निर्यात पूरी तरह बंद है। ऐसे में अब कपड़ा और सूत बाजार की स्थिति कठीण है। रॅपिएर और एयरजेट इस अत्याधुनिक पॉवरलूम पर मजुरी पर कपड़ा बुनकर दिया जाता है। व्यापारी वर्ग की ओर से उसके लिए सूत की बीम दिए जाते हैं, लेकिन कपड़े को मांग नहीं होने से बीम का पुरवठा बंद हो रहा है। इससे कुछ समय के लिए कारखाने बंद रखने पड़ रहे हैं, जो खुद कपड़ा उत्पादित कर बिक्री करते हैं, लेकिन उनकी ओर कपड़े की मांग नहीं है, जिससे उनकी ओर से कपड़े का उत्पादन कम किया जा रहा है। इसका असर वस्त्रोद्योग के सायझिंग और प्रोसेस उद्योगों पर हो रहा है। इन दोनों उद्योग में क्षमता से काम नहीं हो रहा है। इसके साथ कामगारों की तनख्वाह पर असर हो रहा है, जबकि इस उद्योगपर निर्भर होने वाले बड़े-छोटे घटकों को मंदी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शासन की ओर से निर्यात पर ध्यान दिया तो वस्त्रोद्योग को कुछ दिलासा मिलने की बात इसके जानकार कह रहे हैं। कुल मिलाकर कपड़े को अपेक्षित मांग कब आएगी, इस प्रतीक्षा में पॉवरलूम उद्यमी हैं।

अब वस्त्रोद्योग में मंदी का माहौल है लेकिन आने वाले कुछ ही दिनों में अलग अलग त्यौहार शुरू रहे हैं, जिससे कपड़े को मांग बढ़ेगी। साथ ही में शासन ने निर्यात पर ध्यान देना जरुरी है।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**




दिनांक 30 मई को पुलिस लाइन सभा कक्ष में सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एस पी क्राइम प्रशान्त कुमार, ए एस पी आयुष विक्रम सिंह, सी ओ हिमांशु गौरव व नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष फायर ब्रिगेड के उच्चीकरण व नई मंडी क्षेत्र में एक ब्रांच और खोलने के मुद्दे को उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने जोर शोर से पुनः उठाया। फायर ब्रिगेड की एक और शाखा नई मंडी क्षेत्र में खोलने की मांग व्यापारियों द्वारा बरसों से की जा रही है, किन्तु फाइल अटकी पड़ी है। कल बिंदल पेपर में आग लगने के कारण सैकड़ों करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। महावीर चौक पर रोड़वेज बस चौराहे पर खड़े होने से लगने वाले जाम, अस्पताल के पास डग्गामारी आदि विभिन्न विषयों को उठाया गया। बैठक में सर्व श्री अजय कुमार सिंघल, प्रवीण खेड़ा, अलका शर्मा, सुलकखान सिंह, हीरा लाल, रूपम शुक्ला, आलोक आहूजा, संजय मिश्रा, टी एस मान, सुनील तायल, राकेश त्यागी, हरिओम शर्मा शुलभ गुप्ता आदि व्यापारियों ने भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# स्कूल यूनिफॉर्म की पूछपरख शुरू

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस समय वैवाहिक सीजन समाप्ति की ओर है। जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था, उस हिसाब से व्यापार नहीं हुआ। व्यापारी निराश हैं, अभी भी भरपूर साड़ियों का स्टॉक भरा पड़ा है और डायड साड़ी का सीजन समाप्त हो गया है। इस समय व्यापारी माल रिटर्न करने पर लगा हुआ है क्योंकि आने वाला सीजन प्रिंट साड़ी का है, लेकिन इस समय उन सभी व्यापारियों के यहां स्कूल ड्रेस की पूछपरख चालू हो गई है। सूटिंग में 2/15 2/18 मैटी की खरीदी चालू हो गई है, सस्ती सूटिंग में टसर की अच्छी सेल है। मुम्बई, भीलवाड़ा के मिलों के प्रतिनिधि मंडियों मे कमीशन एजेंटों के माध्यम से सैम्पलिंग कर रहे हैं, जिसमें प्रमुख रुप से आई मैक्स स्पर्श की डिमांड ज्यादा है। प्लेन शर्टिंग मे रेमंड कॉटन की अच्छी डिमांड है जो सूरत की बिक रही है। दुपट्टे में रवि का दुपट्टा सबसे ज्यादा बिक रहा है। हालांकि इसमें व्यापारियों को कुछ मिल नहीं रहा है, क्योंकि ओपन रेट से माल बिक रहा है।





















# यार्न की स्थानीय मांग कमजोर परंतु निर्यात बढ़ने के आसार


**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रुई की आवक में उतार-चढ़ाव की स्थिति में स्पिनिंग मिलों को अच्छी गुणवत्ता की रुई की आपूर्ति कम होने से साउथ की मिलों ने आधी क्षमता से उत्पादन करने का निर्णय किया है। इस कारण कॉटन यार्न का उत्पादन कम है। स्थानीय स्तर पर कॉटन यार्न की मांग दमदार नहीं है। चीन से निर्यात ऑर्डर मिलने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलन है और यार्न मजबूती के साथ स्थिर है। भाव में कोई उछाल नहीं है। भिवंडी में लूमों पर उत्पादन कम है। मई से बिजली बिल बढ़ने का वीवर्स संगठनों ने विरोध किया है और इस वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। स्पिनरों की आस्ट्रेलिया की रुई कचरा मुक्त होने से आस्ट्रेलियन कॉटन यार्न में भी रूचि है।

कपड़ों का उत्पादन क्षमता से कम है। कपड़ों की मांग नहीं बढ़ रही है। इससे कॉटन यार्न की स्थानीय मांग घटी है, तो दूसरी ओर कॉटन यार्न का निर्यात कामकाज बहुत ही कमजोर रहा है। अब निर्यात मांग में कुछ सुधार की उम्मीद जागी है। देश में रूई के भाव अधिक थे, इसके चलते मिलों की लागत ऊंची थी, लेकिन अब रुई के भाव घटकर इंटरनेशनल भाव के समकक्ष पहुंच गए हैं और चीन ने कॉटन यार्न का आयात करना शुरू कर दिया है।

**शेषांश पृष्ठ 8 पर...**




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**

7 से 21 जून, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
# BENGALURU Textile Trade Edition
Edition Prepared by: **Satya Prakash**- 9828249064 | **Shiv Kumar**- 9829965212




Brought to you in India by:
**HI-FABRIQUE INC.,®**

IMPORTERS, EXPORTERS & MANUFACTURERS OF
100% PREMIUM COTTON & LINEN FABRICS




Corporate Office : # 77, JODH TOWERS, LALBAGH ROAD, OPP. URVASHI THEATRE, BENGALURU - 560 027
Ph : +91 80 40500200, e-mail : info@hifabrique.com Visit us : www.hifabrique.com
Mumbai Office : # 30 / 32, CHAMPA GALLI CROSS LANE, 1ST FLOOR, NO.5, OFF KALBADEVI ROAD, MUMBAI - 400 002, India Ph.: +91 22 22426585 e-mail : infomumbai@hifabrique.com

## दक्षिण भारत का प्रमुख होलसेल संस्थान

# Peetex

**प्रीमियम फैन्सी डिजाइनर साड़ीज में भरपूर रेंज के लिए मशहूर**


श्री प्रकाश चंद सिंघवी

**बंगलुरु/** जब बात दक्षिण भारत में फैशनेबल एवं ट्रेण्डी लेडीज वीयर की हो तो बंगलुरू स्थित पीटेक्स साड़ीज का नाम जेहन में आ ही जाता है। विगत तीन दशक से भी अधिक समय से कार्यरत प्रिमियम डिजाइनर साड़ीज लहंगे एवं ब्राइडल वीयर के होलसेल कारोबार में संलग्न इस संस्थान की नींव सन् 1991 में मशहूर कपड़ा व्यवसायी श्री प्रकाश चंद सिंघवी ने रखी। तब से लेकर अब तक श्री सिंघवी ने अपने मधुर व्यवहार एवं व्यावसायिक कुशलता से पी. टेक्स प्रतिष्ठान को स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे दक्षिण भारत में बड़े संस्थान के रूप में पहचान दिलाई। आज इन्हीं के नेतृत्व में इस संस्थान पर सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, बंगलुरू, चैन्नई, बनारस, हैदराबाद, कोलकाता आदि उत्पादक मण्डियों के श्रेष्ठतम साड़ी ब्राण्ड्स सहित लहंगे एवं ब्राइडल तथा पार्टीवीयर परिधानों का बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्डी परिधान उपलब्ध कराने की इनकी कला ने आज पी.टेक्स संस्थान को दक्षिण भारत में प्रसिद्धि को शिखर पर पहुँचा दिया है। श्री सिंघवी कुशल व्यवसायी होने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में काफी एक्टिव रहते हैं। ये कई सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### वेडिंग एवं पार्टी वीयर रेंज

फैशन पसंद महिलाओं के लिए सर्वोत्तम रेंज उपलब्ध कराने के लिए देश के नामचीन साड़ी ब्राण्ड्स के परिधान संस्थान पी.टेक्स पर प्रतिस्पर्धी दरों में उपलब्ध है। फैशन का पर्याय बन चुका यह संस्थान फैंसी साड़ीज एवं ब्राइडल वीयर में इकोनोमी एवं हायर रेंज के लिए पूरे दक्षिण भारत में अपने उम्दा कलेक्शन के लिए जाना जाता है। व्यापारियों को बाजार से हटकर वैवाहिक एवं पार्टी वीयर डिजाइनर परिधानों में विस्तृत रेंज उपलब्ध कराना संस्थान का शुरु से ही ध्येय रहा है।

### फैशनेबल एवं ट्रेण्डी ब्राण्ड्स

पी. टेक्स द्वारा मुख्यरूप से लक्ष्मीपति, विशाल प्रिण्ट्स, महोत्सव, तंजोर साड़ीज, सोनिया साड़ीज, सुभाष साड़ीज, अम्बिका फैशन्स, सीमोर प्रिण्ट्स, केसरीनन्दन, त्रिवेणी फैशन्स, रुची, दी फैशन हब, वैशाली, टी एण्ड एम, विधि एथनिक वीयर सहित ब्राइडल लहंगाज एवं गाउन्स में गाजीवाला एवं रॉयल ब्राण्ड का व्यवसाय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। साथ ही बंगलुरू में ही निर्मित प्योर सिल्क साड़ीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

### सेल्स नेटवर्क

पी. टेक्स द्वारा पूरे दक्षिण भारत में साड़ीज की सप्लाई की जा रही है। चेन्नई, हैदराबाद, सिकन्दराबाद एवं सूरत में ब्रांच ऑफिस स्थापित कर रखे हैं। संस्थान पर पूरे दक्षिण भारत से रिटेल व्यापारी खरीदी करने आते हैं। आज पी. टेक्स संस्थान दो हजार रिटेलर्स के विशाल नेटवर्क के साथ दक्षिण भारत के कस्बाई लेवल तक पहुंच बनाने में कामयाब रहा है।



### बदलते फैशन के साथ अपडेट रहने की जरूरत -श्री भरत सिंघवी



पी. टेक्स संस्थान के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे श्री सिंघवी के युवा सुपुत्र श्री भरत सिंघवी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ व्यापार को द्रुत गति से आगे बढ़ा रहे हैं। श्री भरत सिंघवी ने बताया कि पी. टेक्स के रूप में हमारे पिताजी ने एक पौधा लगाया था, जिसे उन्होंने ग्राहक संतुष्टि, अच्छे उत्पादों का संग्रह, समयबद्ध डिलिवरी, प्रतिस्पर्धी दरों में उत्पादों की उपलब्धता, भरपूर स्टॉक, लेटेस्ट प्रॉडक्ट रेंज जैसे उसूलों से सींच कर एक विशाल वृक्ष का रूप प्रदान किया है। अब हम इस वृक्ष अर्थात् पी. टेक्स रूपी परिवार का संरक्षण करते हुए विस्तार कर रहे हैं। श्री भरत सिंघवी ने कहा कि आजकल व्यापार में अनिश्चितता ज्यादा हो गयी है। द्रुतगति से बदलने वाले फैशन ट्रेण्ड्स के कारण व्यापारी को और ज्यादा अपडेट होने की जरूरत है। हम भी अपने संस्थान पर फैशन को शुरु से ही वरीयता देते आये हैं और भविष्य में भी निरंतर फैशन ओरियंटेड काम करने के ध्येय के साथ कार्यरत है। श्री सिंघवी ने कहा कि व्यापार संवर्द्धन फैशनेबल एवं ट्रेण्डी परिधानों के संग्रह के साथ प्रतिस्पर्धी दरें एवं मधुर संबंधों पर टिका है। इसलिए हम अपने ग्राहक के साथ शुरु से ही मधुर संबंधों के साथ व्यापार को वरीयता देते आये हैं।



## प्रतिष्ठित टेक्सटाइल मार्केटिंग फर्म

# बिमल सामसुखा एण्ड संस

बंगलुरु/ फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की मार्केटिंग में अग्रणी एजेंसी बिमल सामसुखा एण्ड संस पॉपुलर फैब्रिक ब्राण्ड्स की उपलब्धता के लिए विख्यात है। एजेंसी के संचालक अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री बिमल सामसुखा एवं इनके सुपुत्र श्री योगेश सामसुखा फेयर व्यापारिक पोलिसी एवं पारदर्शिता से व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं। भीलवाड़ा के प्रमुख एजेण्ट श्री संपत सामसुखा के नेतृत्व में संचालित प्रतिष्ठित मार्केटिंग एजेंसी श्री टेक्स मार्केटिंग प्रा.लि. की ही क्षेत्रीय कन्सर्न बिमल सामसुखा एण्ड संस द्वारा विगत 25 वर्षों से कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों के कपड़ा व्यापारियों को बेहतरीन ब्राण्ड्स का कपड़ा उपलब्ध करवाया जा रहा है। श्री बिमल सामसुखा ने कहा कि स्थानीय मण्डी सहित पूरे दक्षिण भारत में अच्छे कपड़े की डिमाण्ड ज्यादा रहती है, इसलिए हम शुरूआती दौर से टॉप ब्राण्ड्स के काम को प्राथमिकता देते आये हैं।

### एजेंसी के साथ आढ़त सिस्टम से व्यापार

श्री विमल सामसुखा के अनुसार कपड़ा व्यवसाय में आढ़त व्यवसाय का ट्रेण्ड श्री टेक्स मार्केटिंग प्रा.लि. ने ही शुरू किया था, जो आज तक जारी है। आज भी हम एजेंसी के साथ-साथ आढ़त व्यवसाय भी बड़े लेवल पर कर रहे हैं।


श्री बिमल सामसुखा


श्री योगेश सामसुखा

### फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्राण्ड्स

एजेंसी बिमल सामसुखा एण्ड संस द्वारा भीलवाड़ा, मुम्बई, गोरखपुर, अहमदाबाद, सूरत आदि सप्लायर मण्डियों के सूटिंग-शर्टिंग एव यूनिफॉर्म फैब्रिक्स ब्राण्ड्स का काम वृहद स्तर पर किया जा रहा है। श्री सामसुखा के अनुसार भीलवाड़ा से मुरारका, सत्कार, श्री राधे सुल्ज, अजय इण्डिया, न्यू मेन, वर्दी वाला, सुमात्रा, सुधासागर, न्यू ट्रेण्ड, मेरिको, आशुटोन, मुम्बई से एरोलीन सिन्थेटिक्स, गोरखपुर से कारीवाल टेक्सटाइल्स, सूरत से विनायक फैशन, अन्नपूर्णा सिन्थेटिक्स, सालासर टेक्सटाइल्स आदि का काम किया जा रहा है।

### अच्छे ब्राण्ड्स की बढ़ेगी मांग

श्री बिमल सामसुखा ने बताया कि बाजार में अब केवल अच्छी क्वालिटी के कपड़े की मांग है, इसलिए जो ब्राण्ड्स फैशन के अनुरूप नये-नये डवलपमेण्ट्स कर रहे हैं और क्वालिटी पर जिनका नियंत्रण है, वे ब्राण्ड्स ही बाजार में अच्छी बिक्री दर्ज कर रहे हैं।

Bimal Samsukha & Sons (HUF)
Textile Trading & Commission Agents
Bimal Samsukha
+91 93422 06691
Yogesh Samsukha
+91 98451 33524
OFFICE: #29, 3rd Floor, DK Lane, Chickpet, Bengaluru (Karnatak)
AKSHAY NIDHI- #88, 5th 'B' Main, 4th Cross, R.P.C. Layout, Vijaynagar Bengaluru-560104, Email: samsukha87@yahoo.com
BHILWARA, SILIGURI & GUWAHATI

## दी बेंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन

# होलसेल कपड़ा व्यापारियों का मजबूत एवं सक्रिय संगठन

बंगलुरु/ स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यापारियों के लिए दी बेंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेण्ट्स एसोसिएशन सबसे मजबूत संगठन है, जो सन् 1931 से कपड़ा व्यापार के हितों के लिए कार्य कर रहा है। वर्तमान में एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश पिरगल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री पिरगल के नेतृत्व में एसोसिएशन मंडी के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। स्थानीय कपड़ा व्यापारियों को ट्रेड में आने वाली समस्याओं से लेकर व्यापार संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

Estd : 1931


श्री प्रकाश पिरगल

### कपड़ा व्यवसाय की प्रगति के लिए तत्पर

श्री प्रकाश पीरगल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बेंगलुरु कपड़ा मंडी का नाम शुरू से ही अच्छे टर्नओवर के लिए जाना जाता है। सभी तरह के कपड़ों के यहां पर बड़े होलसेल ट्रेडर्स हैं, जो यहां से पूरे भारत में कपड़े की सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में मंडी में कार्यरत प्रत्येक व्यापारी का व्यवसाय बढ़े, इसके लिए संगठन सदैव प्रयासरत है। श्री पिरगल ने आगे कहा कि स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में व्यापारियों का सहयोग करना, साथ ही सरकार को कपड़ा व्यापारियों की समस्याओं से समय-समय पर अवगत कराना तथा कपड़ा व्यापारियों के अटके हुए पेमेण्ट की वसूली करने के लिए अन्य मंडियों के संगठनों से संपर्क में रहना जैसे कई काम संगठन कर रहा है। इसके अलावा श्री पिरगल के नेतृत्व में कई वर्षों बाद समस्त एसोसिएशन के सदस्यों की डायरेक्टरी भी बनवाई जा रही है, जिसमें 1200 से अधिक व्यापारियों का संकलन रहेगा। श्री पिरगल ने कहा कि डायरेक्ट्री का काम अंतिम चरण में है, जो शीघ्र प्रकाशित की जाएगी। डायरेक्ट्री बन जाने से व्यापारियों के एक दूसरे के संपर्क भी प्रगाढ़ होंगे।

## गारमेंट ट्रेडर्स का प्रमुख संगठन

# कर्नाटक होजियरी एंड गारमेंट्स एसोसिएशन

बंगलुरु/सत्यप्रकाश

दक्षिण भारत में रेडीमेड गारमेंट्स व्यवसायियों के प्रमुख संगठन कर्नाटक होजरी एंड गारमेंट एसोसिएशन (रजि.) तीन दशक से गारमेंट ट्रेड से जुड़े व्यापारियों के हितों की रक्षार्थ एक्टिव संगठन है। 1400 अधिक सदस्यों के इस विशाल संगठन के अध्यक्ष श्री प्रकाश भोजानी के अनुसार मेंस वीयर, किड्स वीयर एवं विमेंस वीयर गारमेंट्स के होलसेलर्स संगठन के सदस्यों में शामिल हैं। बंगलुरु मंडी में गारमेंट ट्रेड को बढ़ावा के लिए संगठन हर संभव प्रयास करता है।



### व्यापारियों को कैश में व्यापार करना चाहिए - श्री प्रकाश भोजानी

सन् 1990 से कपड़ा एवं गारमेंट ट्रेड में कार्यरत श्री प्रकाश भोजानी का 'परिधान' नामक होलसेल प्रतिष्ठान संचालित है, जिसमें लेडीज गारमेंट्स का बड़े पैमाने पर व्यवसाय होता है। इसके अलावा साउथ इंडिया बेस्ड फैब्रिक्स का उत्पादन भी कर रहे हैं, जो कुर्ती मैन्युफैक्चरर्स के लिए उपयोगी फैब्रिक्स है। ''पर्पल डॉट'' ब्राण्डनेम से फैब्रिक एवं गारमेंट्स में 'परिधान' प्रतिष्ठान अच्छी पहचान रखता है। श्री भोजानी ने कहा कि कपड़ा एवं गारमेंट्स ट्रेडर्स को अब अपने व्यापार को नई दिशा देनी होगी। उनके अनुसार प्रोडक्शन एवं मांग के अनुसार खरीदी तथा केश बिक्री जैसे व्यापारिक उसूलों से काम करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम अच्छी क्वालिटी वाजिब दाम एवं उचित मार्जिन में माल की सप्लाई सुनिश्चित करते हुए व्यापार करेंगे, तो व्यापार भी बढ़ेगा तथा हम सुरक्षित व्यापार भी कर पाएंगे।

**व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए तत्पर...** श्री प्रकाश भोजानी ने कहा कि एसोसिएशन प्रत्येक सदस्य व्यापारी के ट्रेड में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। प्रशासनिक कामों से लेकर लेन-देन में आने वाली समस्याओं के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित कर रखी है। साथ ही सदस्यों के साथ समय-समय पर बैठक कर सदस्यों की समस्याओं को सुनना तथा समाधान करना संगठन सबसे जरूरी समझता है।

# प्रीमियम कलेक्शन

बंगलुरु/ स्थानीय वस्त्र मंडी में होलसेल में अग्रणी कंपनी प्रीमियम कलेक्शन एक प्रमुख नाम है। कंपनी के डायरेक्टर श्री प्रसन्न, श्री प्रवीण, श्री प्रदीप व श्री प्रमोद पोरवाल शर्टिंग का प्रमुख व्यवसाय कर रहे हैं। कंपनी केरलोन, मोंजा व ट्रेविसो जिससे सिंथेटिक कॉटन फैब्रिक प्रमुख है, का कार्य कर रही है। कंपनी मुंबई से उत्पाद लेकर आंध्रप्रदेश व कर्नाटक में विक्रय कर रही है।

# देवी चंद पन्ना जी एंड कंपनी

## DEE PEE SON'S



**बेंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मंडी में 1984 से होलसेल व्यवसाय में संलग्न डीपी संस प्रमुख कंपनी है। कंपनी के डायरेक्टर श्री पन्नालाल श्री रूपचंद नानेशा ने सूटिंग सेगमेंट में इंपोर्टेड एवं फैंसी फैब्रिक में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। श्री नानेशा के युवा सुपुत्र श्री राजीव, नानेशा, मनीष ने बताया कि वे वेडिंग कलेक्शन व शूटिंग में अल्फा व ओमेगा का होलसेल कार्य कर रहे हैं। कंपनी मुंबई, चीन, जापान, कोरिया व टर्की के उत्पाद को कर्नाटक, आंध्रप्रदेश व केरल में विपणन कर रही है।

# सुपर फाइन लग्जरी कॉटन शर्टिंग उत्पादन में विशेषज्ञ

# HI-FABRIQUE INC.

## Venerdi ब्राण्डनेम से देश-विदेश में बनाई अहम् पहचान



श्री जोधराज जैन, डायरेक्टर, हाई फैब्रिक इंक.

**बंगलुरु/** मेन्स फैशन के लिए हाई वेल्यू फैशन शर्टिंग के उत्पादन में शिखर पर विद्यमान Hi Fabrique Inc. फाइनेस्ट गीजा कॉटन शर्टिंग में बेहतरीन डवलपमेण्ट्स देने वाली कंपनी के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर है। वस्त्र उद्यमी श्री जोधराज जैन के नेतृत्व में संचालित Hi Fabrique Inc. विगत 35 वर्षों से वस्त्र उद्योग में अपनी विशेषज्ञ कार्यशैली के लिए जानी जाती है। मेन्स फैशन के लिए विशुद्ध फाइनेस्ट गीजा कॉटन शर्टिंग के उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी शर्टिंग फैब्रिक्स में हजारों डिजाइंस का विशाल कलेक्शन उपलब्ध कराती है। कंपनी Venerdi ब्राण्डनेम से गीजा एवं सुपीमा जैसे कॉटन यार्न से हाई क्लास यार्न डाइड शर्टिंग का विभिन्न आकर्षक डिजाइंस में उत्पादन कर रही है। डायरेक्टर श्री जोधराज जैन की टेक्सटाइल सेक्टर के प्रति गहरी समझ एवं डिजाइंस के प्रति सजगता से Venerdi ब्राण्ड वैश्विक स्तर का ब्राण्ड बन पाया है। आज इन्हीं की बदौलत बंगलुरू मण्डी की शान माना जाने वाला यह ब्राण्ड मेन्स फैशन उद्योग में नये आयाम स्थापित कर रहा है। श्री जैन के साथ इनके युवा सुपुत्र श्री आकाश जैन, सुपुत्री ईशा राज एवं श्री नवीन रांका भी पूरी तन्मयता के साथ व्यवसाय में संलग्न है।

### विशाल डिजाइनर कलेक्शन

Hi Fabrique Inc. गीजा कॉटन शर्टिंग के उत्पादन में नित नये डवलपमेण्ट के लिए मशहूर है। विशेषज्ञ डिजाइनर्स की टीम इनहाउस डिजाइन स्टूडियो में दिनरात गहन शौध के बाद एक्सक्लूसिव डिजाइंस तैयार करती है। कंपनी के पास अन्तर्राष्ट्रीय डिजाइनर्स की टीम है, जो इटेलियन फैशन फैब्रिक्स में कई अभिनव प्रयोग पेश करती रही है। यार्न डाइड कॉटन शर्टिंग, पीस डाइड, प्रिंट, जैकार्ड, इंडिगो व्हाइट्स, फैंसी इटेलियन डॉबी में 40 काउंटस लेकर 3/330 तक के काउंट में गीजा एवं सुपिमा कॉटन और फ्रेंच लिनन फैब्रिक्स में कंपनी के पास 25 लाख मीटर शर्टिंग्स फैब्रिक का रेडी स्टॉक हमेशा मिलता है।

HI-FABRIQUE INC.®



सुश्री ईशा राज



श्री आकाश जैन



श्री नवीन रांका

### मेन्स फैशन के लिए सर्वोत्तम चॉइस

Venerdi® ITALY

सन् 1996 में श्री जोधराज जैन ने मशहूर इटेलियन फैब्रिक ब्राण्ड Venerdi का अधिग्रहण कर भारतीय फैशन बाजार में युवाओं के लिए एक बेहतरीन अन्तर्राष्ट्रीय ब्राण्ड के कपड़े की उपलब्धता सुनिश्चित की थी। उत्पादन तकनीक एवं मार्केटिंग में निपुण श्री जैन ने Venerdi ब्राण्ड के तहत हाई वैल्यू फैशन शर्टिंग का उत्पादन बड़े पैमाने पर शुरु कर भारतीय फैशन बाजार को 100 प्रतिशत गीजा कॉटन फैब्रिक्स से रुबरु कराया। इन्होंने अपनी उम्दा कार्यशैली से अन्तर्राष्ट्रीय फैशन ट्रेण्ड्स के अनुरूप उत्पादन करते हुए Venerdi ब्राण्ड की एक आकर्षक फैशन ब्राण्ड के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान पुख्ता की। विशाल डिजाइनिंग कलेक्शन, हाई स्टेण्डर्ड फिनिशिंग एवं एक्सक्लूसिव डिजाइन डवलपमेण्ट की वजह से Venerdi ब्राण्ड आज पूरी दुनिया में ट्रेण्ड सेटर ब्राण्ड के रूप में प्रसिद्ध है।

### राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

कम्पनी Venerdi ब्राण्ड की मार्केटिंग डायरेक्ट रिटेल सेक्टर में कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर 3500 रिटेलर्स के माध्यम से कम्पनी पूरे देश में अपने उत्पादों की सप्लाई कर रही है। डायरेक्ट रिटेल में कम्पनी देश के बड़े रिटेल हाउसेज जैसे पोथीज, चैन्नई सिल्क, जेड ब्ल्यूज, पाकीजा, जय लक्ष्मी, कल्याण सिल्क, जे.एस. मोहम्मद अली, जय हिंद, दिल्ली क्लॉथ हाउस के साथ कम्पनी का व्यापार हो रहा है। कम्पनी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से दुबई, हांगकांग, मलेशिया, थाइलेण्ड, इण्डोनेशिया, मोरक्को, बांग्लादेश आदि देशों में कपड़ा निर्यात किया जा रहा है।

### मशहूर गारमेण्ट ब्राण्ड्स एवं मिल सेक्टर में सप्लाई...

Hi Fabrique Inc. नामचीन रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड्स सहित मिल सेक्टर को भी हाई वेल्यू फैशन शर्टिंग की सप्लाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लेक बेरी, रेमण्ड्स, सियाराम, एरो, ट्विल्स, कूल कलर्स, सिट्रस, ओटो, हॉफमैन, जैड, रेड चीफ, स्पार्की, केंटाबिल, कॉब, डर्बी, एलन सोली, लुइस फिलिप, वैन ह्यूसेन आदि प्रसिद्ध मेन्स वीयर ब्राण्ड्स सहित 500 से अधिक पॉपुलर रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड्स को फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है।

## प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में अग्रणी

# कामधेनु टेक्सटाइल एजेंसी प्रा.लि.



श्री राजेन्द्र जैन



श्री दीपक जैन

**बंगलुरु/** वस्त्र व्यापार में 6 दशक पूर्ण कर चुकी फर्म कामधेनु टेक्सटाइल एजेंसी प्रा.लि. ब्राण्डेड मिलों की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसी है। वर्तमान में एजेंसी का कामकाज श्री राजेन्द्र जैन, श्री दीपक जैन एवं श्री प्रकाश जैन के संयुक्त नेतृत्व में संचालित है। विरासत में मिले वस्त्र व्यापार में जैन बंधुओं ने प्रतिष्ठित फैब्रिक ब्राण्ड्स की सुनियोजित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी से कर्नाटक राज्य की होलसेल मण्डियों में पहुंच सुनिश्चित की है। एजेंसी के कामकाज में श्री दीपक जैन के युवा सुपुत्र श्री आकाश जैन भी अहम् भूमिका निभा रहे हैं, वहीं श्री राजेंद्र जैन के युवा सुपुत्र श्री राहुल जैन एजेंसी द्वारा संचालित 'लिनन क्लब' के फ्रैंचाइजी स्टोर्स का काम देख रहे हैं। एजेंसी द्वारा लिनन क्लब, बीएसएल, जॉर्जियो गुलिनी, पीजी फैब्रिक्स आदि प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड्स सहित बांसवाड़ा सिन्टेक्स एवं मुम्बई के कई नामचीन शर्टिंग सप्लायर्स का काम वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

**लिनन क्लब...**एजेंसी द्वारा फैशन की दुनिया में सर्वाधिक पोपुलर लिनन फैब्रिक ब्राण्ड 'लिनन क्लब' का काम लम्बे समय से किया जा रहा है। श्री दीपक जैन ने कहा कि इस साल कम्पनी का नया कलेक्शन बाजार में खूब चला। आकर्षक कलर्स, डिजिटल प्रिण्ट्स, जैकॉर्ड डिजाइंस में लिनन क्लब का नया डवलपमेण्ट बाजार में खूब सराहा गया। केज्युअल एवं पार्टी वीयर में परिधानों में लिनन क्लब ब्राण्ड की मांग भी दिनों दिन बढ़ रही है। रिटेल बाजार में अब हर रिटेलर को लिनन क्लब रखना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि खासतौर से केरल में लिनन क्लब की सेल में काफी बढ़ोतरी हुई है, वहां के लोगों में लिनन क्लब के प्रति जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है।

**जॉर्जियो गुलिनी...**श्री जैन के अनुसार मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड जॉर्जियो गुलिनी मार्केट में अपनी आकर्षक सूटिंग रेंज के लिए मशहूर है। पोलीवूल सूटिंग्स में फाइनेस्ट कलेक्शन प्रदाता के रूप में प्रसिद्ध इस ब्राण्ड की हमारे कार्य क्षेत्र में अच्छी बिक्री हो रही है। मनमोहक चैक्स डिजाइन्स एवं आकर्षक प्लेन कलर्स में जॉर्जियो गुलिनी का नया फैब्रिक कलेक्शन इस समय सुर्खियों में है।

**पी. जी. फैब्रिक्स...**कॉटन प्रिण्टेड सूटिंग-शर्टिंग में पी.जी. फैब्रिक्स के नये डवलपमेण्ट ने बाजार में धूम मचा रखी है। श्री जैन के अनुसार प्रिण्टेड शर्टिंग में कम्पनी के डिजिटल प्रिण्ट डिजाइंस की बाजार में चहुंओर प्रशंसा हो रही है। शर्टिंग में पीजी फैब्रिक्स वाइडेस्ट रेंज देने के साथ-साथ प्रतिमाह कुछ न कुछ नया पेश करती रहती है। कॉटन पोलिएस्टर, मोडाल प्रिण्ट, कॉटन लिनन आदि में पीजी का नया टेस्ट, मार्केट में खूब पसंद किया जा रहा है। इसी तरह सूटिंग में भी टी.आर. प्रिण्ट्स, जेकॉर्ड डिजाइंस, डोबी डिजाइंस, वेलवेट आदि डिजाइंस इस समय काफी पॉपुलर है।

**बी एस एल...**बी एस एल सूटिंग का काम एजेंसी द्वारा शुरुआती दौर से ही किया जा रहा है। वर्तमान में इन्स्टीट्यूशनल सेल में बीएसएल के उत्पादों की अच्छी मांग है। कम्पनी की एक्सीलेंसी, पावर लेन, एलीगेन्ट सुपर, डिप्लोमेट आदि क्वालिटीज की भी इस समय बहुत अच्छी सेल है।

**सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क...**कामधेनु टेक्सटाइल एजेंसी प्रा.लि. द्वारा कर्नाटक, केरल एवं गोवा राज्य की होलसेल मण्डियों में व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। सभी ब्राण्ड्स के लिए बाजार में डीलर्स का सशक्त नेटवर्क बनाया हुआ है।


Kamadhenu TEXTILE AGENCIES (P) LTD.

Deepak Jain 93428 65297
Rajendra Jain 93428 65295
Prakash Jain 98804 33678

LINEN CLUB PASSIONATE LIKE YOU
PEE GEE FABRICS
GEORGIA GULLINI The essence of Italian style.
BANSWARA Banswara Syntex Limited
BSL

HEAD OFFICE 12, Pathi Market, Avenue Road, Bengaluru, Ph.: 080 22219248 E-mail: ktapl1996@gmail.com
BRANCH OFFICE: 1st floor, Pathi Market Avenue Road, Bengaluru (Kar.) Ph.: 080 22210374


## यूनिफॉर्म स्पेशलिस्ट होलसेल प्रतिष्ठान

## ऑलटाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स उपलब्ध

# श्रेष्ठ



श्री सुरेश गांधी

**बंगलुरु/** यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में कार्यरत होलसेल संस्थान 'श्रेष्ठ' स्थानीय मण्डी में जाना माना प्रतिष्ठान है। संस्थान के संचालक श्री सुरेश गांधी ने विरासत में मिले कपड़ा व्यवसाय में कुछ हटकर करने का निर्णय लेकर यूनिफॉर्म फैब्रिक का व्यवसाय आरंभ किया। ईमानदारी एवं मेहनत से काम करते हुए श्री गांधी ने अपने संस्थान पर ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादकों के काम को प्राथमिकता दी, जिसके चलते अल्प समय में ही संस्थान ने अच्छी सफलता अर्जित कर पुख्ता पहचान कायम की। बेस्ट क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की रिजनेबल रेट्स में की उपलब्धता के लिए कृत संकल्प श्री गांधी विगत डेढ़ दशक से अपने संस्थान 'श्रेष्ठ' से जुड़े व्यापारियों एवं यूनिफॉर्म गारमेण्टर्स को बेहतरीन कपड़े के साथ सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### प्रमुख सप्लायर्स

संस्थान पर मुख्यतः यूनिफॉर्म फैब्रिक्स उत्पादकों में विस्तृत रेंज प्रदाता कम्पनी मफतलाल, संगम एवं कंचन का काम किया जा रहा है। श्री गांधी ने बताया कि मफतलाल ब्राण्ड के व्हाइट शर्टिंग एवं लिनन का व्यवसाय भी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। इसके अलावा संस्थान द्वारा मेक टू ऑर्डर पर भी कपड़ा सप्लाई किया जाता है।

### यूनिफॉर्म फैब्रिक्स रेंज

'श्रेष्ठ' संस्थान पर यूनिफॉर्म फैब्रिक्स से संबंधित समस्त वेरायटीज की उपलब्धता है। चैक्स, प्लेन सूटिंग, पीसी, ट्रोविन, मेटी, ट्विल, गेवरडिन रेंज सहित शर्टिंग में चैक्स शर्टिंग, स्पन, फिलाफिल, शैमरे जैसी रेंज की सप्लाई की जा रही है। श्री गांधी के अनुसार इनके संस्थान पर स्कूल्स एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिए विस्तृत रेंज उपलब्ध है। वर्तमान सीजन के बारे में चर्चा करते हुए श्री गांधी ने बताया कि अच्छी क्वालिटी के युनिफॉर्म फैब्रिक्स की मांग लगातार बढ़ रही है। स्कूल्स एवं कॉरपोरेट सेक्टर से मिलों के कपड़े की मांग ज्यादा की जाती है, इसलिए हम भी मिल सेक्टर के यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में ज्यादा रेंज मेण्टेन करने की रणनीति के साथ व्यवसायरत हैं।

### रेडी स्टॉक

श्री गांधी ने बताया कि यूनिफॉर्म सेक्टर में सबसे अहम पार्ट स्टॉक होता है। आप कितनी रेंज मेण्टेन करते हैं, उसके आधार पर ही डिलीवरी सुनिश्चित हो पाती है। इसलिए हम अपने संस्थान पर उपलब्ध यूनिफॉर्म फैब्रिक वेरायटीज में भरपूर स्टॉक मेण्टेन करते हैं, ताकि व्यापारियों को त्वरित माल की डिलिवरी की जा सके।


SHRESTH

SPECIALIST IN
ALL TYPE OF UNIFORM FABRICS

Mafatlal® MAFATLAL INDUSTRIES LIMITED
Sangam® SUITINGS YOU ARE WHAT YOU WEAR
Kanchan®

FANCY SUITING-SHIRTING ALSO AVAILABLE

#15, 12th Cross, R.T. Street, Near Jodhpur Sweets
B.V.K. Iyengar Road, Bengaluru, Ph.: 080 22286069
Mob.: +91 98444-70869, +91 96201-36221
E-mail: shresthgandhi@gmail.com

THE SUITING HOUSE



Sole Distributor For TL (cut piece) in South Indian

Raymond SUITINGS - SHIRTINGS | Vastram GWALIOR | Bombay Dyeing | Luthai THE WORLD'S NO. 1 FABRIC | FM Ferrino Mizzoni FINE DRESSING | SIROSKEY | STANDOSE MAFATLAL INVESTMENTS AND FINANCE LIMITED | SHIVAM

MAHENDRA TRADERS


Mohan Building, A. M. Lane, Chickpet, Bengaluru - 560 053

Ph.: 080-22257740 | Mob.: +91 9448680808


# व्यवसाय में व्यवहार ही सबसे बड़ी पूंजी

## महेन्द्र ट्रेडर्स





**बंगलुरु**

स्थानीय मण्डी में ब्राण्डेड सुटिंग-शर्टिंग का होलसेल करने वाली कम्पनी विगत 51 वर्षों कपड़ा व्यवसाय में अग्रणी है, जिसकी स्थापना करने वाले श्री महेन्द्र सिरोहिया ने कठिन परिश्रम से टेक्सटाइल व्यवसाय में अहम पहचान कायम की है। श्री सिरोहिया का कहना है कि व्यवसाय में ग्राहक का भरोसा जीतना होता है और जिसने ये भरोसा अर्जित किया है वो आज तक व्यवसाय में अडिग बना हुआ है। हमने हमेशा से अपने ग्राहकों के साथ ईमानदारी एवं परस्पर पारदर्शिता से व्यवसाय किया है, परिणामस्वरूप आज महेन्द्र ट्रेडर्स का नाम स्थानीय मण्डी में सम्मान के साथ लिया जाता है। वर्तमान में यहाँ सूटिंग-शर्टिंग एवं स्वयं का ब्राण्ड सिरोसके व कोम्बो पैक का व्यवसाय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। वस्त्र व्यापार में श्री सिरोहिया के युवा एवं ऊर्जावान सुपुत्र श्री मेहुल जैन भी व्यवसाय को पूरी तन्मयता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। अपने पिताजी के नक्शेकदम पर चलते हुए श्री मेहुल जैन ने कुछ ही समय में अपनी कुशल मार्केटिंग स्ट्रेटजी से व्यापार को नई ऊचाइयां प्रदान की है।

### प्रमुख ब्राण्ड्स

महेन्द्र ट्रेडर्स द्वारा रेमण्ड्स, बोम्बे डांइग, मफतलाल, सिरोसके, लुथाई, प्राइम कॉटन, वस्त्रम् ग्वालियर, शिवम्, इटालियन और एफ एम - फेरिनो मिजोनी का व्यापार किया जा रहा है।

**सेल्स- साउथ इण्डिया**

**परचेज- मुम्बई, अहमदाबाद, भीलवाड़ा**

## Mascot Fabrics

**बंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1985 से कार्यरत कम्पनी Mascot Fabrics एक जाना पहचाना नाम है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री बाबूलाल गाँधी ने बताया कि वे ब्राण्डेड फैब्रिक में होलसेल व्यवसाय कर रहे हैं। साथ में उनके भाई श्री प्रवीण गाँधी, श्री अरविन्द गाँधी व पारसमल गाँधी भी व्यवसाय में निरन्तर नये-नये डवपलमेण्ट कर रहे हैं। श्री गाँधी ने बताया कि वे सूटिंग-शर्टिंग एवं पीस पैकिंग में मुख्यतः सियाराम, सदालीन, जार्जियो गुलीनी, बीएसएल, केडीएम का कार्य मुम्बई, भीलवाड़ा व अहमदाबाद से कर रहे हैं।


Mob.: 9844229198
9844090111

MASCOT FABRICS

WHOLESALE CLOTH MERCHANTS

No. 9, 1st Floor, M.T. Street, (Opp. Ganesh Sweets,)
D.K. Lane Cross, Chickpet, Bengaluru- 560 053


## अशोक यूनिफॉर्म



**बंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मंडी में 1987 से होलसेल व्यवसाय कर रही कंपनी अशोक यूनिफॉर्म प्रतिष्ठित नामों में शुमार है। कंपनी के डायरेक्टर श्री अशोक कुमार ने बताया कि वह सूटिंग शर्टिंग यूनिफॉर्म का कार्य वृहद स्तर पर कर रहे हैं व ए. कुमार्स यूनिफॉर्म नाम से स्वयं का ब्राण्ड है। कंपनी प्रोग्राम बेस पर में होलसेल व्यवसाय कर रही है। ये मुंबई, सूरत, अहमदाबाद और भीलवाड़ा से मुख्यतः व्यापार कर रहे हैं तथा पूरे साउथ में अपने उत्पाद का विपणन कर रही है।


II Sri Ganeshaya Namaha II

ASHOK UNIFORMS
Distributors

SPECIALIST MFG.
School Uniforms & All Varieties of Suitings | Shirtings | Sarees | Hospital Hotel | Corporate | Factory & Etc.

No. 21, 2nd Floor, Shree Market, M.P. Lane, Chickpet, Bengaluru- 53
Email: ashokuniform785@gmail.com | Mob.: 8277687785, 9620755335


## केसरला आनन्द इंक/ सुमन टेक्सटाइल्स





**बंगलुरु/** स्थानीय मंडी में 1962 से 40 वर्ष तक मोहता मिल्स हिंगनघाट में नौकरी करके श्री केसरला आनंद ने अपने को इतना दृढ़ कर लिया कि आज श्री केसरला आनंद ऊंचाइयों के शिखर पर हैं। वर्तमान में श्री केसरला के सुपुत्र श्री केसरला वेंकटेश एजेंसी के सेगमेंट में सभी कपड़ों की मिलों से अपना कार्य कर रहे हैं जिसमें मुख्यतः स्पर्श फैब मुंबई, लक्ष्मी सिंटेक्स प्रा. लि. सूरत,स्वराज भीलवाड़ा, उम्मेद मिल पाली, सुदर्शन फैब्रिक्स हैं। साउथ की सूटिंग शटिंग ब्लाउज पोकलेन बेडशीट होम फर्निशिंग की एजेंसी कार्य कर रहे हैं। श्री वेंकटेश ने बताया कि उनकी सिस्टर कंसर्न सुमन टेक्सटाइल भी है। मुंबई, अहमदाबाद, इचलकरंजी पाली, बालोतरा, भीलवाड़ा व हैदराबाद मुख्य मंडियों से कार्य कर रहे हैं। मार्केटिंग वेस्टर्न महाराष्ट्र व कर्नाटक प्रमुख हैं।


KESARLA ANAND INC.
SUMAN TEXTILES

Dealing in: Uniform Fabrics, Home Furnishing, Dress Materials, Blouse Materials, Rmg Fabrics, Greige Fabrics, Cotton Products & Synthetics Products.

Textile Indenting Agents

Sparsh-Fab FABRICS UNIFORM | Ghar ki Shobha | umaid FABRICS The Fabric That Speaks | SN HOME DECOR INSPIRING LIFESTYLES | Vimal GROUP

DEALER NETWORK IN KARNATAKA, WESTERN PART OF MAHARASHTRA & ROYAL SEEMA

SERVING SINCE 1962
TRUTH IS GOD

Kesarla Venkatesh : +91 9341419002

#309, 3rd Floor, Poonam Plaza, D.S. Lane, Chickpet, Bengaluru - 560 053
Ph.: 080-2287 2719 | 4377 7779 | Email: kersarlaanandinc@gmail.com


## पान एजेन्सी/ लाल एजेन्सी




**बंगलुरु**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 36 वर्षों से एजेंसी कार्यकर रही कम्पनी पान एजेन्सी/लाल एजेन्सी एक जाना पहचाना नाम है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री नारायण लाल रावल ने अपनी अथक मेहनत व कठिन परिश्रम से आज यह मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में इनके सुपुत्र श्री किरण कुमार श्री गिरिश कुमार रावल एजेन्सी को सम्भाले हुए है। एजेन्सी में मुख्यतः सूटिंग-शर्टिंग का कार्य होता है जो मुख्यतः वीएसएम, मिकॉन, वालजी, नवसारी, रामबंशी हैं। कम्पनी मुम्बई व सूरत से कार्य लेकर पूरे कर्नाटक में एजेन्सी कार्य कर रही है।



## विवेक डिस्ट्रीब्यूटर्स



**बंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1990 में स्थापित फर्म विवेक डिस्ट्रीब्यूटर्स के संस्थापक श्री अनिल बम्बोली अपनी मेहनत से एक विशेष मुकाम हासिल किए हुए हैं। श्री बम्बोली के कड़े परिश्रम एवं मृदु व्यवहार से आज केरल एवं कर्नाटक में अपना व्यापार जोर-शोर से करते हुए राज्य में अपने पांव जमाए हुए है। श्री बम्बोली के व्यवसाय में उनके सुपुत्र श्री आशीष एवं श्री पूर्व बम्बोली पूरी लगन एवं मेहनत के साथ व्यवहार को ऊचाइयाँ प्रदान कर रहे हैं। एस. कुमार एवं सियाराम के उत्कृष्ट ब्राण्डों को बाजार में विस्तृत पैमाने में फैला कर मार्केटिंग को नया आयाम प्रदान किया है। श्री बम्बोली ने बताया कि उनका कपड़ा पोलिएस्टर विस्कोस यूनिफॉर्म के सेग्मेण्ट में ज्यादा प्रभावी है।

## अरिहन्त टेक्सटाइल्स



**बंगलुरू/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 2002 से कार्यरत कम्पनी अरिहन्त टेक्सटाइल्स होलसेल व्यवसाय में अग्रणी है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री अनिल कुमार जैन ने बताया कि वे मुख्यतः सुटिंग-शर्टिंग का होलसेल व्यवसाय कर रहे हैं जिसमें सर्विकॉम, शगुन, एस बी एस, मारवल, मेट्रो व मुरारका प्रमुख हैं भीलवाड़ा, मुम्बई व अहमदाबाद प्रमुख मण्डियां हैं, जहाँ से कम्पनी अपने उत्पाद लेती है और बंगलुरू में विपणन कर रही है।

## हेमन्त पोरवाल



**बंगलुरू/** 2005 से एजेन्सी का कार्य कर रही कम्पनी के डायरेक्टर श्री हेमन्त पोरवाल अपनी मेहनत, ईमानदारी व लगन से एजेन्सी को सफलता की ओर अग्रसर किए हुए है। श्री पोरवाल ने बताया कि वे सूटिंग -शर्टिंग, पीवी, टीआर पोलीवूल, लिनन व कॉटन सेगमेन्ट में एजेन्सी कार्य कर रहे हैं। जे हेम्पस्टेड का कार्य मुख्यतः होता है। एजेन्सी के पास 125 से अधिक कस्टमर जुड़े हुए हैं तथा वर्ष में दो बार कॉन्फ्रेंस भी करते हैं। कॉरपोरेट को कपड़ा की सप्लाई भी कर रहे हैं। व्यापार दक्षिण में मुख्य रूप से होता है।

## पूर्णिमा कटपीस

**बंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मंडी में विगत 50 वर्षों से कपड़े का होलसेल व्यवसाय कर रही कंपनी पूर्णिमा कटपीस निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। कंपनी के डायरेक्टर श्री भंवर लाल संचेती ने बताया कि कंपनी में शुरुआत पीस पैकिंग से अपने कारोबार की शुरुआत की, जो कि अब सूटिंग शर्टिंग यूनिफॉर्म व मेचिंग की एजेंसी में कार्य कर रहे हैं। श्री संचेती के युवा पुत्र श्री विजय राज व श्री मनोज कुमार कंपनी को नई दिशा प्रदान किए हुए हैं। अभी कंपनी मफतलाल, वालजी, क्यूमैक्स, स्पर्शफेब, वोकी टोकी, मुकेश व भीलवाड़ा के ऑल ब्राण्ड का कार्य विस्तृत पैमाने पर कर रही है। मुंबई, सूरत, अहमदाबाद की प्रमुख मैन्युफैक्चरर कंपनियों से कार्य कर रहे हैं। इनकी कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश तथा केरल प्रमुख मंडियाँ हैं।

## मुकेश हाई फैशन





**बंगलुरु/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में 2006 से कार्यकर रही कम्पनी मुकेश हाई फैशन सफलता की स्वर्णिम सीढ़ियों की ओर अग्रसर है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री डूंगाराम चौधरी व श्री मांगी लाल चौधरी ने बताया कि कम्पनी केवल सियाराम की डिस्ट्रीब्यूटरशिप लिए हुए है, जिसमें मिस्टर रॉयल लिनन प्रमुख है साथ ही सिस्टर कर्न्सन विनोद एनएक्स है, जिसमें बोम्बे रेयॉन शर्टिंग व टी आर सुटिंग का कार्य होता है। विपणन कर्नाटक राज्य है।


## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 500 |
| ☐ 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू. 1000 |
| ☐ 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू. 2500 |

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ....................................................

कम्पनी/फर्म का नाम : ....................................................

पता : ....................................................

....................................................पिन कोड नं. ....................................................

मोबाइल नं. ....................................................फोन नं. ....................................................

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

## रेडीमेड यूनिफॉर्म स्पेशलिस्ट ब्राण्ड

# Unifab India


श्री भरत जैन


श्री चिराग जैन

**बंगलुरु/ स्कूल्स एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिए Unifab India ब्राण्डनेम से रेडीमेड यूनिफॉर्म बनाने वाला संस्थान चंदनमल चम्पालाल एण्ड कम्पनी पूरे दक्षिण भारत में यूनिफॉर्म सेक्टर में अहम् पहचान रखता है। श्री भरत जैन के नेतृत्व में संचालित यह संस्थान Unifab India ब्राण्डनेम से बड़ी मल्टीनेशनल कम्पनीज को रेडीमेड यूनिफॉर्म सप्लाई करने के साथ-साथ डायरेक्ट स्कूल्स के ऑर्डर्स भी तैयार करता है। प्रीमियम रेडीमेड यूनिफॉर्म प्रॉडक्शन में संलग्न इस संस्थान के कामकाज में श्री जैन के युवा सुपुत्र श्री चिराग जैन भी अहम् भूमिका निभा रहे हैं।**

### रेडीमेड यूनिफॉर्म सप्लाई

Unifab India के तहत संस्थान द्वारा कॉरपोरेट सेक्टर, जैसे होटल, सिक्योरिटी, हॉस्पीटल, इण्डस्ट्रियल, ऑफिस यूनिफॉर्म सहित स्कूल्स के लिए रेडीमेड यूनिफॉर्म बड़े पैमाने पर उत्पादित की जा रही है। कम्पनी सालों से टोयोटा, वोल्वो, मर्सीडीज, टीवीएस जैसी नामचीन कॉरपोरेट कम्पनीज सहित कई नामचीन शिक्षण संस्थानों में रेडीमेड यूनिफॉर्म सप्लाई कर रही है।

### रेडीमेड ट्राउजर्स एवं पेण्ट्स का उत्पादन

संस्थान चंदनमल चम्पालाल एण्ड कंपनी द्वारा रेडीमेड यूनिफॉर्म के साथ-साथ मेन्स वीयर सेगमेण्ट में फॉर्मल पेण्ट एवं ट्राउजर्स का भी बड़ी क्वांटिटी में उत्पादन किया जा रहा है। श्री भरत जैन ने बताया कि रेडीमेड सेक्टर में संस्थान काम बढ़ाने की योजना पर गतिशील है। अभी संस्थान द्वारा बड़े गारमेण्ट्र्स को रेडीमेड गारमेण्ट बनाकर भी दिए जा रहे हैं।

### यूनिफॉर्म फैब्रिक्स सप्लाई

संस्थान चंदनमल चम्पालाल द्वारा यूनिफॉर्म क्षेत्र के लगभक सभी टॉप ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। हर तरह के प्रीमियम एवं मिडियम यूनिफॉर्म सूटिंग-शर्टिंग की वाजिब दरों में उपलब्धता के लिए मशहूर यह संस्थान स्थानीय मण्डी में बड़े यूनिफॉर्म ट्रेडर के रूप में पहचान रखता है। संचालक श्री भरत जैन के शालीन एवं मिलनसार व्यक्तित्व से संस्थान का काम लगातार बढ़ रहा है।




# फैशन की दुनिया में VALENZO ब्राण्ड की धमाकेदार एन्ट्री


श्री रमेश कुमार जैन

बंगलुरु / दक्षिण भारत की प्रमुख होलसेल विक्रेताओं में शुमार एम.एस. इंटरप्राइजेज ने मेन्स फैशन के लिए Valenzo-Italy ब्राण्डनेम से नया मेन्स फैशन ब्राण्ड पेश किया है। स्थानीय मंडी स्थित रेमंड सूटिंग ब्राण्ड के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान के एम.एस. इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर श्री रमेश कुमार जैन ने मेंस फैशन बाजार की जरूरत को देखते हुए हाई-फाई फैशन पसंद व्यक्तियों के लिए 2 वर्ष पूर्व Valenzo नाम से इंपोर्टेड पोलीवूल ब्राण्ड लॉन्च किया था। आद्वितीय क्वालिटी एवं नए आकर्षक कलर्स एवं डिजाइंस में सुपर 110 से 180 वूल ग्रेड का पोलीवूल सूटिंग फैब्रिक्स इस ब्राण्ड की तहत बनाया जा रहा है। स्टैंडर्ड क्वालिटी एवं लग्जरी फैशन पर खरे उतर चुके Valenzo ब्राण्ड की रचना श्री रमेश कुमार जैन ने एलीट क्लास के लिए की है। अल्पसमय में बाजार से मिले अच्छे रिस्पोंस से उत्साहित श्री जैन अब ब्राण्ड में नये कांसेप्ट आधारित से हटकर डिजाइन एवं कलर्स में नित नए डवलपमेंट्स पेश कर रहे हैं।

### एम.एस. इंटरप्राइजेज की नई पेशकश फाइनेस्ट पोलीवूल सूटिंग ब्राण्ड

Valenzo-Italy ब्राण्ड हाई क्लास मेन्स फैशन जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है। फाइन वूल ग्रेड क्वालिटी से लेकर फील फिनिश में विश्व स्तरीय मापदंडों का अनुसरण कर फाइनेस्ट पोलीवूल सूटिंग उत्पादित किया जा रहा है। व्यवसाय में श्री जैन के प्रमुख सहयोगी सुपुत्र श्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि Valenzo ब्राण्ड का कपड़ा फैशन पसंद लोगों की चॉइस के हिसाब से तैयार किया है। खासतौर से इंपोर्टेड फैब्रिक्स के प्रचलन के इस दौर में हमने मेन्स फैशन के लिए श्रेष्ठतम कपड़ा बनाया है, जो हाई क्लास की फैशन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम ब्राण्ड है।

### बेस्ट अफोर्डेबल सूटिंग ब्राण्ड

Parco Milano
SPIRIT OF ITALY

एम.एस. एंटरप्राइजेज द्वारा से अपने हर ग्राहक का ध्यान रखते हुए इकोनामिक सूटिंग ब्राण्ड Parco Milano में इंपोर्टेड टीआर पीवीडब्ल्यू एवं एथेनिक सूटिंग्स में फाइनेस्ट सूटिंग फैब्रिक्स उत्पादित किया जा रहा है। श्री जैन ने कहा कि अपने व्यापारिक नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए हमने मीडियम सेगमेंट में Parco Milano सूटिंग ब्राण्ड तैयार किया है। रिजनेबल रेट्स में शानदार क्वालिटी एवं उम्दा डिजाइनर रेंज इस ब्राण्ड के तहत उपलब्ध कराई जा रही है।

### होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान

Raymond Exclusive Suiting | LINEN CLUB PASSIONATE LIKE YOU | SÖKTAŞ

वस्त्र व्यवसायी श्री रमेश कुमार जैन ने सन् 1981 में OCM वूलन मिल्स की डीलरशिप से एम.एस. एंटरप्राइजेज की स्थापना कर कपड़ा व्यवसाय में पदार्पण किया। पोलीवूल कपड़े के होलसेल ट्रेडर के रूप में सफल पारी खेलने के बाद वर्ष 2002 से रेमंड सूटिंग ब्राण्ड की अधिकृत डीलरशिप लेकर काम का विस्तार किया। तत्पश्चात् श्री जैन ने अपने व्यावसायिक कौशल एवं बुद्धिमता से पूरे देश में रेमंड के कपड़े की सप्लाई सुनिश्चित की। रेगुलर पोलीवूल सूटिंग सहित मोनोपोली डिजाइंस में संस्थान पर भरपूर स्टॉक मेंटेन किया जाता है। श्री जैन ने कहा कि ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए हमने हमेशा यूनिक प्रोडक्ट्स रेंज की सप्लाई को माध्यम रखा, साथ ही रिटेलर को रीजनेबल रेट्स में बेहतरीन कपड़ा उपलब्ध कराना शुरू से ही ध्येय रखा। इसी तरह संस्थान पर मेंस फैशन ब्राण्ड लिनन क्लब एवं सोक्टास का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

### लेटेस्ट डिजाइनर कलेक्शन एवं वाइडेस्ट

संस्थान द्वारा सभी ब्राण्ड्स के तहत लेटेस्ट उत्पाद रेंज का भरपूर स्टॉक मेंटेन किया जाता है। श्री रमेश कुमार जैन के लंबे व्यावसायिक अनुभव एवं सुपुत्र श्री विनीत कुमार जैन की क्रिएटिविटी से Valenzo-Italy ब्राण्ड निरंतर प्रगति पथ पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

### राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री नेटवर्क

श्री रमेश कुमार जैन के अनुसार Valenzo ब्राण्ड का राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क स्थापित किया जा चुका है। कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, केरल, गुजरात, राजस्थान, वेस्ट बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों में व्यापारियों को माल की आपूर्ति की जा रही है। बाजार से मिले सुपर रिस्पोंस के चलते अब प्रोडक्ट रेंज में विस्तार किया जा रहा है। श्री जैन ने कहा कि वूल, कॉटन एवं नेचुरल फैब्रिक्स की कैटेगरी में आते हैं। इसलिए इनका चलन हमेशा रहेगा तथा इस सेगमेंट के कपड़े की डिमांड लगातार बढ़ते क्रम में जारी रहेगी।









L.J Creation ®

# लेडीज फैशन के लिए समर्पित ब्राण्ड्स

# एल.जे. क्रिएशन | मायरा

MYRA Fab In Style

## डिजाइनर ब्लाउज एवं फैन्सी ड्रेस मटीरियल में वाइडेस्ट रेंज प्रदाता

बंगलुरु/ वस्त्र व्यापार जगत में स्थानीय मण्डी स्थित शाह लालचंद जीवराज एण्ड कम्पनी एक ऐसा संस्थान है, जो अपनी अलग ही कार्यशैली के लिए जाना जाता है। फैंसी ड्रेस मटीरियल एवं फैंसी ब्लाउज मटीरियल के व्यवसाय में अग्रणी इस संस्थान की स्थापना सन् 1964 में श्री केवलचन्द जीवराज पिरगल ने की थी। होलसेल स्तर पर श्री पिरगल ने मेहनत एवं ईमानदारी से काम करते हुए स्थानीय मंडी में अपने संस्थान को अहम् पहचान दिलाई। सन् 1980 के बाद इनके सुपुत्र श्री प्रकाश पिरगल, श्री निर्मल पिरगल एवं श्री अशोक पिरगल ने विरासत में मिले वस्त्र व्यवसाय को पूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ाया। पिरगल भाईयों ने लेडीज फैशन से संबंधित फैब्रिक्स के व्यवसाय में भरपूर रेंज सप्लाई करना शुरु कर दिया। पिरगल बंधुओं ने लेडीज फैशन के अहम् परिधान ब्लाउज के लिए फैंसी फैब्रिक्स का एल. जे. क्रियेशन ब्राण्डनेम से उत्पादन करना शुरु कर दिया। इसी दौरान शाह लालचंद जीवराज एण्ड कम्पनी पर स्टेण्ड रोज, मोरारजी, श्री जी लाइफ स्टाइल जैसे पॉपुलर निर्माताओं के फैब्रिक्स का व्यवसाय भी शुरु कर दिया गया, जिससे संस्थान का व्यवसाय तीव्र गति के साथ बढ़ा। वर्तमान में पिरगल परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा व्यवसायी श्री राजेश पिरगल, श्री दर्शन पिरगल एवं श्री रिषभ पिरगल संस्थान के कामकाज को पूरी तन्मयता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। अपने पिताजी से मिले अनुभव एवं परिश्रम से श्री राजेश पिरगल ने संस्थान पर लेडीज फैशन से संबंधित नये-नये अभिनव प्रयोग करने शुरु किए, जिसके तहत श्री पिरगल ने सन् 2013 में 'शंखेश्वरा साड़ीज' के नाम से एक और संस्थान का शुभारंभ कर प्रीमियम फैंसी ड्रेस मटीरियल का उत्पादन शुरू किया। आज इस संस्थान द्वारा लेडीज के लिए उम्दा वैरायटीज का फैब्रिक्स कॉटन, विस्कॉस, लिनन, सिल्क, फ्लेक्स आदि ब्लेण्ड्स में मायरा ब्राण्डनेम से लेडीज फैशन के लिए हायर फैब्रिक रेंज का उत्पादन किया जा रहा है। शुरुआती दौर में ही मिली अभूतपूर्व सफलता से उत्साहित श्री राजेश पिरगल ने नियमित रूप से डवलपमेण्ट करते हुए पूरे देश में अपने संस्थानों को पहचान को पुख्ता किया।

### एल. जे. क्रिएशन

लेडीज फैशन बाजार में एल.जे. क्रिएशन फैंसी ब्लाउज एवं फैंसी ड्रेस मटीरियल के व्यवसाय में एक विख्यात ब्राण्ड बन चुका है। ब्राण्ड के सन्दर्भ में डायरेक्टर श्री पिरगल ने चर्चा के दौरान बताया कि हमने एल. जे. क्रिएशन ब्राण्ड को फैशन पसंद लेडीज के लिए तैयार किया है। इसमें बनने वाली समस्त फैब्रिक रेंज उम्दा होने के साथ-साथ क्वालिटी एवं स्टेण्डर्ड में भी उच्च दर्जे की होती है। बाजार में व्याप्त प्रतिस्पर्द्धा के बावजूद आज एल.जे. क्रिएशन ब्राण्ड अनवरत ग्रोथ के साथ आगे बढ़ रहा है। फैंसी ब्लाउज मटीरियल में सैकड़ों डिजाइंस के उत्पादन के साथ-साथ फैंसी ड्रेस मटीरियल में भी भरपूर रेंज बनाई जा रही है।

### अन्तर्राष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

शाह लालचंद जीवराज एण्ड कम्पनी एवं शंखेश्वरा साड़ीज संस्थानों के संचालक पिरगल बंधुओं के कुशल नेतृत्व एवं मार्केटिंग स्ट्रेटेजी का ही सुपरिणाम है कि स्टोरलाइन, गारमेण्ट सेक्टर एवं बुटिक स्टोर्स पर इनके कपड़े की जबरदस्त मांग रहती है। श्री राजेश पिरगल ने बताया कि हमारा लक्ष्य शुरु से ही क्वालिटी के दम पर विस्तार रहा है, जिसके कारण आज देशभर में एल.जे. क्रिएशन एवं मायरा दोनों ही ब्राण्ड पॉपुलर हो चुके हैं तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ब्राण्ड निरन्तर ग्रोथ के साथ आगे बढ़ रहे हैं। श्री पिरगल ने बताया कि वे इस समय दुबई, साउथ एशियन देशों सहित खाड़ी देशों में भी फैब्रिक्स निर्यात कर रहे हैं।

### 'मायरा' लेडीज सूट्स एवं कुर्तीज

'शंखेश्वरा साड़ीज' द्वारा मायरा ब्राण्ड के तहत उच्च स्तरीय फैशन फैब्रिक्स एवं लेडीज कुर्तीज का उत्पादन वृहद् स्तर पर किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में श्री राजेश पिरगल ने बताया कि भारतीय फैशन बाजार सहित विदेशों में भी लेडीज फैशन फैब्रिक्स का व्यवसाय द्रुत गति से बढ़ रहा है। श्री राजेश पिरगल के युवा नेतृत्व में आज इस ब्राण्ड के तहत नेचुरल फाइबर से निर्मित फैब्रिक्स को भरपूर रंगामेची में तैयार किया जा रहा है। ड्रेस मटीरियल में कॉटन, विस्कॉस, लिनन, टिसू, सिल्क, साटिन, पोलिएस्टर इत्यादि प्रकार के फैब्रिक्स में प्लेन एवं जैकॉर्ड, एम्ब्रोयडरी जैसे वैल्यू एडीशन के कपड़े बनाये जा रहे हैं, जिनकी मेन्स एथनिक सेक्टर से अच्छी डिमाण्ड निकली है। खासतौर से कुर्ते के लिए एम्ब्रोयडरी एवं जैकार्ड फैब्रिक्स की लगातार मांग बढ़ रही है।

### विजन

श्री राजेश पिरगल एक युवा व्यवसायी होने के साथ-साथ कुशाग्र बुद्धि के धनी भी हैं। इन्होंने अपनी कुशल मार्केटिंग स्ट्रेटेजी से परम्परागत व्यवसाय में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। श्री पिरगल का कहना है कि लेडीज फैशन बाजार में हमेशा कुछ नया देना, हमारे संस्थानों की परम्परा रही है। एक परिवार के रूप में विकसित हो चुके अन्तर्राष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क को मधुर संबंधों के साथ बनाये रखना और लगातार नये डवलपमेण्ट करते हुए नई-नई फैब्रिक वैरायटीज बाजार में देते रहना ही हमारा परमध्येय है।




**Sha Lalchand Jeevraj & Co.:**
Poonam Plaza, D. S. Lane,
Chickpet Cross, Bangalore-560 053

**Pirgal Fashions:**
#101, L. J. Complex, D. S. Lane,
Chickpet Cross, Bangalore-560 053

**Shankeshwara Sarees:**
#24, Nakoda Tower, 1st B Main Road,
2nd Cross, Sudhamanagar, Bengaluru - 560027

www.ljcreation.com | www.fabinstyle.com | 080-43020999 | rajesh@ljcreation.com